संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -44 शुक्रवार,15 दिसम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# 7 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजे गए 4 आरोपी

## आरोपियों की पहचान मनोरंजन डी,सागर शर्मा,नीलम आजाम और अमोल शिंदे के तौर पर हुई

» सागर शर्मा यूपी के लखनऊ का रहने वाला है.

» डी मनोरंजन कर्नाटक के मैसुरु का निवासी है.

» मास्टरमाइंड की तलाश है जारी



**नई दिल्ली,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले मामले में गृह मंत्रालय ने बुधवार को जांच कमिटी बनाई थी और जांच के आदेश दिए थे। संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले की अभी तक की जांच में 6 आरोपी सामने आए हैं। दो युवक लोकसभा के अंदर गए थे और हंगामा किया, एक महिला और एक पुरुष ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। ये चारों पुलिस की गिरफ्त में हैं. गुरुवार को पुलिस ने चारों आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने चारों आरोपियों को 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है.। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने 15 दिन की रिमांड मांगी थी।

संसद की सुरक्षा में सेंध की प्लानिंग में दो और लोग शामिल थे। इनमें से एक विक्की शर्मा ने सभी को अपने घर में ठहराया था। उसे पुलिस ने पत्नी समेत हिरासत में ले लिया है. जबकि घटना का मास्टरमाइंड ललित झा फरार बताया जा रहा है।

बाकी आरोपियों की पहचान मनोरंजन डी, सागर शर्मा, नीलम आजाम और अमोल शिंदे के तौर पर हुई। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि सागर शर्मा यूपी के लखनऊ का रहने वाला है। डी मनोरंजन कर्नाटक के मैसुरु का निवासी है। दोनों लोकसभा के अंदर थे और उत्पात मचाते हुए पीला धुआं छोड़ा था। दोनों को बीजेपी सांसद प्रताप सिम्हा के ऑफिस से विजिटर्स पास मिला था. संसद के बाहर पकड़ी गई नीलम आजाद हरियाणा के हिसार की है। चौथा आरोपी अमोल शिंदे महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है।

### पढ़े लिखे हैं सभी आरोपी

चारों आरोपी पढ़े लिखे हैं. नीलम 42 साल की है और पेशे से टीचर है, साथ ही सिविल सेवा की पढ़ाई कर रही है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि ललित झा ने सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम और अमोल शिंदे और विक्की शर्मा को बुधवार सुबह गुरुग्राम बुलाया था।इस घटना के बाद पार्लियामेंट के अंदर और बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई. गुरुवार को संसद के अंदर जाने वालों की जूते उतरवाकर चेकिंग की गई. अगले आदेश तक विजिटर्स गैलरी को बंद कर दिया गया है।इस घटना के बाद पार्लियामेंट के अंदर और बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई. गुरुवार को संसद के अंदर जाने वालों की जूते उतरवाकर चेकिंग की गई. अगले आदेश तक विजिटर्स गैलरी को बंद कर दिया गया है।

## संसद की सुरक्षा में सेंध मामले को लेकर विपक्ष का जोरदार हंगामा

### कांग्रेस के 9 एमपी समेत 14 सांसद सस्पेंड 14 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित,लोकसभा में हंगामा...

लोकसभा की सुरक्षा में चूक के मामले पर विपक्षी सांसदों का सदन के अंदर और बाहर हंगामा गुरुवार को भी जारी रहा। विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को पहले 2 बजे, फिर 3 बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद लोकसभा में हंगामा जारी रहने पर पहले पांच सांसदों और फिर नौ सांसदों यानी कुल मिलाकर 14 सांसदों को पूरे सत्र के लिए सदन से सस्पेंड कर दिया गया। दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर भी जब विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा तो केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हंगामा कर रहे पांच सांसदों को सदन से सस्पेंड करने का प्रस्ताव सदन के अंदर रखा, जिसे सदन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद हिबी ईडन, एस. ज्योतिमणि, टी एन प्रथापन, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की बची हुई अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दोपहर 3 बजे जब फिर से लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो उस समय भी विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहने पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हंगामा कर रहे नौ सांसदों का नाम लेकर उन्हें सदन से सस्पेंड करने का प्रस्ताव सदन के अंदर रखा, जिसे सदन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद वीके श्रीकंदन, बेहनन बैन्नी, मोहम्मद जावेद, माणिक्कम टैगोर, कनिमोझी, एसआर पार्थिबन, पीआर नटराजन, एस वेंकटेशन और के. सुब्बारायण को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की बची हुई अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया गया।इसके बाद सदन की कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की अगली बैठक अब शुक्रवार,15 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगी।



## भाजपा कार्यकर्ता की हथेली काटने वाले बदमाश के घर में बुलडोजर चला

**भोपाल,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** राजधानी में भाजपा कार्यकर्ता पर हमला कर उसकी हथेली काटने वाले बदमाशों के घर गुरुवार को बुलडोजर से गिरा दिए गए। आरोपियों पर यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की गई है। इससे स्पष्ट हो गया कि अपराधियों के घरों पर नई सरकार में भी बुलडोजर चलता रहेगा। मप्र में मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद बदमाशों के घर बुलडोजर चलाने की पहली कार्रवाई है।

बता दें कि भोपाल में पांच दिसंबर को आरोपी फारुख राइन उर्फ मिन्नी, असलम, समीर उफ बिल्लू, शाहरुख औश्र बिलाल ने साई बोर्ड के पास भाजपा नेता पर हमला किया था। इस दौरान आरोपियों ने उनकी हथेली भी काट दी थी। जिसके बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने आरोपियों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। वहीं सभी आरापियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। गुरुवार को कोलार एसडीएम आशुतोष गोस्वामी के नेतृत्व में नगर निगम और पुलिस का अमला आरोपियों के घर पहुंचा और आरोपियों के तीन मकान गिरा दिए। बता दें कि देवेंद्र सिंह अरेरा मंडल में झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के महामंत्री हैं। इन पर हमला होने के बाद नौ दिन बाद आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाया गया है। अतिक्रमण अधिकारी प्रतीक गर्ग और हबीबगंज थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपियों ने बिना भवन अनुज्ञा के घर बनाया था। वहीं जिस जमीन पर बना था, उसके दस्तावेज भी इनके पास नहीं थे। जिसके कारण गुरुवार को इनका घर गिराने की कार्रवाई की गई। हांलाकि बदमाशों के स्वजनों को पहले ही कार्रवाई की जानकारी दी गई थी। जिससे स्वजन पहले ही घर खाली कर चुके थे।निगम के 25 से अधिक कर्मचारियों ने मकान तोड़ने की कार्रवाई की। अतिक्रमण को हटाने में डेढ़ घंटे लगे।

# सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज

» सुप्रीम कोर्ट ने एक लाख रुपये का लगाया जुर्माना






**रायपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** कांग्रेस सरकार में सीएम सचिवालय में डिप्टी सेक्रेटरी की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने न केवल सौम्या की जमानत याचिका खारिज की है बल्कि कोर्ट का समय खराब करने के आरोप में उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगा दिया है।

सौम्या करीब एक साल से जेल में बंद है। कोयला घोटाला में प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। सौम्या तब से जेल में हैं। रायपुर की विशेष अदालत और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से उनकी जमानत याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका में सौम्या चौरसिया ने अपने खिलाफ आरोपों को गलत ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट में सौम्या की जमानत याचिका पर सुनवाई पहले ही पूरी कर ली गई थी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आज याचिका पर अपना फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने चौरसिया को जमानत देने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं यह देखते हुए कि उनकी विशेष अनुमति याचिका में गलत दलीलें दी गई, पीठ ने एक लाख का असाधारण जुर्माना भी लगाया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बेला एन त्रिवेदी और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की बेंच में यह सुनवाई हुई। अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत का समय खराब करने के लिए एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया है। ईडी ने अदालत को बताया कि कोयला परिवहन में 25 रुपए प्रति टन की वसूली हेतु सूर्यकांत तिवारी के कहने पर सौम्या चौरसिया ने नियम चेंज करवाए थे। उस समय के माइनिंग विभाग के निदेशक रहे समीर बिश्नोई ने ऑनलाइन टेंडर फॉर्म को ऑफलाइन में कन्वर्ट कर दिया था। जिसके चलते आसानी से वसूली का खेल निर्बाध गति से चलते रहता था। इस खेल का संचालक सूर्यकांत तिवारी था जो सौम्या चौरसिया की शह पर अवैध रूप से लेवी वसूल करता था। इस तरह भ्रष्टाचार कर कई बेनामी व अचल संपत्तियां हासिल की गई थी। ईडी ने इस मामले में सौम्या चौरसिया और सूर्यकांत तिवारी के अलावा आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू कोल वाशरी संचालक सुनील अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया था।

## महुआ मोइत्रा की सांसदी रद्द करने के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई



**नई दिल्ली,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। महुआ मोइत्रा ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगी। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सुनवाई करेगी। बता दें, झारखंड से भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने इस मामले में पक्षकार बनाने का अनुरोध करते हुए अदालत का रुख किया था। सांसद दुबे की शिकायत के बाद ही महुआ मोइत्रा का लोकसभा से निष्कासन हुआ था।लोकसभा में आचार समिति की रिपोर्ट को मंजूर किए जाने के बाद 8 दिसंबर को महुआ मोइत्रा को निष्कासित कर दिया था। जिसके खिलाफ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस रिपोर्ट में मोइत्रा को 'पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में 'अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण का जिम्मेदार ठहराया गया था।वहीं, भाजपा सांसद दुबे ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अर्जी में कहा है कि चूंकि तत्काल याचिका की पूरी वजह उनके (दुबे) द्वारा 15 अक्टूबर, 2023 को की गई शिकायत से उत्पन्न हुई है, इसलिए, यह उचित और न्याय के हित में है कि उनको एक आवश्यक पक्षकार के रूप में शामिल किया जाए।

# नवनिर्वाचित विधायक ईश्वर साहू को मिली'जेड सुरक्षा'

### सर्वाधिक सुरक्षा वाले तीसरे नेता



**रायपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में भाजप के 54 सदस्यीय विधायक दल में साजा से नवनिर्वाचित ईश्वर साहू सीएम, पूर्व सीएम के बाद सर्वाधिक सुरक्षा वाले विधायक होंगे। पूर्व सीएम रमन सिंह को ब्लैक कैट कमांडो, निवृतमान सीएम बघेल को जेड प्लस की सुरक्षा रहेगी। वहीं ईश्वर साहू को जेड सुरक्षा दी गई हैं। ईश्वर साहू ने दिग्गज नेता रविंद्र चौबे को पराजित किया है। ईश्वर को दी गई इस सुरक्षा के पीछे उन्हें और परिवार पर थ्रेट को कारण बताया जा रहा है । साजा के बिरनपुर में कुछ महीने पहले ईश्वर के पुत्र की विशेष समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि उसके बाद से ईश्वर का परिवार दहशत और धमकियों में दिन गुजार रहा है।

## संसद में उठा माहवारी के दौरान महिलाओं की छुट्टी का मुद्दा



**नई दिल्ली,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** सुरक्षा में सेंध को संसद में मचे हंगामे के बीच राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान महिलाओं को माहवारी के दौरान छुट्टी देने का मुद्दा उठा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यह कोई विकलांगता नहीं है। इस लिहाज से मासिक धर्म को दौरान महिलाओं को छुट्टी देने की किसी पॉलिसी की जरूरत नहीं है।राज्यसभा में आरजेडी सांसद मनोज झा की तरफ से बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान पूछे।गए सवाल के जवाब में कहा, 'हमें कोई ऐसा मुद्दा प्रस्तावित नहीं करना चाहिए, जहां महिलाओं को सिर्फ इसलिए समान अवसरों से वंचित किया जाए कि जिसे माहवारी नहीं आती वह माहवारी के बारे में एक खास तरह की राय रखता है.'

## मोदी को 14 देशों से मिला सर्वोच्च सम्मान

» विदेश राज्य मंत्री बोले-ये भारत की मान्यता को दर्शाता है

**नई दिल्ली,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि 2014 के बाद से पीएम मोदी को 14 देशों से सर्वोच्च राजकीय सम्मान मिला है. इस दौरान उन्होंने एक सवाल के जवाब में ये भी बताया कि पीएम मोदी को 2018 में संयुक्त राष्ट्र का सर्वोच्च सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार मिला है।भारत के प्रधान मंत्री को सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान करना द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उनकी राजनेता कौशल और नेतृत्व की स्पष्ट मान्यता है. उन्होंने कहा, यह पीएम के नेतृत्व में भारत की मान्यता को भी दर्शाता है, जिसमें विश्व मंच पर ग्लोबल साउथ को आवाज देना और मानवता के सामने आने वाले मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संबोधित करना शामिल है।



पर्यावरण पुरस्कार भी मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक 14 देशों ने अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया है। गुरुवार को विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने राज्यसभा में ये जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एक सवाल के जवाब में ये भी बताया कि पीएम मोदी को 2018 में संयुक्त राष्ट्र का सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार भी मिला है।उन्होंने कहा, 2014 से भारत के प्रधानमंत्री को 14 देशों का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार और संयुक्त राष्ट्र का

### मंत्री ने मोदी को दिए गए कई उल्लेखनीय पुरस्कारों की सूची दी...

➡जुलाई 2023: फ्रांस ने पीएम मोदी को लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया।

➡जून 2023 : मिस्र में ऑर्डर ऑफ द नाइल सम्मान से सम्मानित किया गया।

➡मई 2023: पापुआ न्यू गिनी द्वारा कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू से सम्मानित हुए।

➡मई 2023: फिजी में पीएम मोदी कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया गया।

➡मई 2023:पीएम मोदी को पलाऊ गणराज्य द्वारा एबाकल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

➡2021: भूटान ने ड्रुक ग्यालपो से पीएम मोदी को सम्मानित किया।

➡2020: अमेरिका ने पीएम मोदी को लीजन ऑफ मेरिट सम्मान से सम्मानित किया।

➡2019: बहरीन द्वारा किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां से पीएम मोदी का सम्मान हुआ।

➡2019:मालदीव ने भी ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन से सम्मानित किया।

➡2019: रूस ने ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू पुरस्कार से पीएम मोदी को सम्मानित किया।

➡2019: पीएम मोदी यूएई द्वारा ऑर्डर ऑफ जायद अवॉर्ड से सम्मानित हुए।

➡2018: ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन अवॉर्ड से पीएम मोदी सम्मानित हुए।

➡2016:मोदी को अफगानिस्तान द्वारा स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

➡2016: सउदी अरब द्वारा ऑर्डर ऑफ अब्दुलअजीज अल सऊद से पीएम को नवाजा गया था।

# छत्तीसगढ़ के 23 नगरीय निकायों के पीएमओ को नोटिस

» गरीबों के आवास को लेकर छत्तीसगढ़ की नई सरकार पूरी तरह एक्शन में आ गई है। नगरीय प्रशासन विभाग ने इस मामले में प्रदेश के नगरीय निकायों को नोटिस जारी किया है।

**रायपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** गरीबों के लिए आवास बनाने की धीमी रफ्तार पर प्रदेश सरकार सख्त हो गई है। नगरीय प्रशासन विभाग ने समय सीमा में पीएम आवास का काम नहीं कर पा रहे नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) और नोडल अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना बड़ा सियासी मुद्दा बना हुआ है। पूर्ववर्ती सरकार में पंचायत मंत्री रहे टीएस सिंहदेव ने पीएम आवास के लिए फंड नहीं जारी करने पर विभागीय मंत्री का पद छोड़ दिया था। पीएम आवास योजना विधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बन गया था। छत्ते तीगसढ़ में हुई हर चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में भाजपा की सरकार बनने राज्य के 18 लाख गरीबों को पीएम आवास देने का वादा किया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज हुई राज्य कैबिनेट की पहली बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीबों को पीएम आवास देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।



### इन निकायों को जारी किया गया है नोटिस

नगर पालिका परिषद् जांजगीर-नैला, नगर पंचायत बलौदा, नगर पंचायत खोंगापानी, नगर पंचायत कुसमी, नगर पंचायत राजपुर, नगर पालिका परिषद् शिवपुरचरचा, नगर पंचायत सीतापुर, नगर पंचायत बस्तर, नगर पंचायत बगीचा, नगर पंचायत पखांजूर, नगर पंचायत पेण्ड्रा, नगर पंचायत पथरिया, नगर पंचायत भटगांव (सूरजपुर), नगर पालिका परिषद् तखतपुर, नगर पंचायत जरही, नगर पंचायत भानूप्रतापपुर, नगर पंचायत लैलूंगा, नगर पालिक निगम चिरमिरी, नगर पालिका परिषद्, नगर पंचायत गौरेला, नगर पंचायत कोंटा, नगर पंचायत नवागढ़ (जांजगीर-चांपा) और नगर पंचायत बारसूर।

## संपादकीय

### अनसुलझे सवाल

सुप्रीम कोर्ट को निर्णय पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का संसद ने जो कदम उठाया उसकी संवैधानिकता पर देना था। इस मुद्दे पर चुप रह कर सुप्रीम कोर्ट ने भारत के हर राज्य के भविष्य को अधर में लटका दिया है।

अनुच्छेद 370 के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपेक्षित निर्णय दिया। मगर यह फैसला देते हुए उसने कम-से-कम एक बड़े सवाल को अनसुलझा छोड़ दिया। साथ ही उसने एक नया प्रश्न खड़ा भी कर दिया है। अनसुलझा सवाल यह है कि क्या भारतीय संविधान के तहत किसी राज्य का दर्जा गिराकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया जा सकता है? नया प्रश्न यह खड़ा हुआ है कि अगर अनुच्छेद 370 को मकसद क्रमिक रूप से जम्मू-कश्मीर का बाकी भारत के साथ एकीकरण था, तो अनुच्छेद 371 एवं उसकी उपधाराओं का मकसद क्या है? अनुच्छेद 371 के तहत भारत के कई राज्यों को स्वायत्तता संबंधी सुरक्षाएं प्रदान की गई हैं, जैसी 370 से जम्मू-कश्मीर को कई गई थीं। दूसरा प्रश्न सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन नहीं था, इसलिए इस बारे में उससे स्पष्टीकरण की अपेक्षा नहीं थी। लेकिन पहला प्रश्न उसके विचाराधीन था। इस पर उसने निर्णय देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि केंद्र ने उसे जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे को बहाल करने का आश्वासन दिया है।

इसे विचित्र रुख ही कहा जाएगा। इसलिए कि सुप्रीम कोर्ट को निर्णय पांच अगस्त 2019 को संसद ने जो कदम उठाया उसकी संवैधानिकता पर देना था। इस मुद्दे पर चुप रह कर सुप्रीम कोर्ट ने भारत के हर राज्य के भविष्य को अधर में लटका दिया है। इसका अर्थ यह है कि भविष्य में कभी कोई सरकार राष्ट्रपति शासन लागू कर उसी प्रक्रिया से किसी राज्य को विभाजित कर सकती है या उसका दर्जा गिरा सकती है, जैसाकि जम्मू-कश्मीर के मामले में किया गया। मतलब यह कि अब संघीय व्यवस्था केंद्र की मर्जी पर निर्भर हो गई है। जबकि बोम्मई फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने संघीय व्यवस्था को भारतीय संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा माना था। केशवानंद भारती से लेकर नौवीं अनुसूची की वैधता से संबंधी मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के बुनियादी ढांचे की रक्षा को अपनी जिम्मेदारी बताया था। तो यह प्रश्न भी उठा है कि जम्मू-कश्मीर का दर्जा गिराने के बारे में दो टूक निर्णय ना देना क्या सुप्रीम कोर्ट का अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना नहीं माना जाएगा?

# ईवीएम पर कांग्रेस तब लड़े निर्णायक लड़ाई!

इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के कई नेता अलग अलग तथ्यों और तर्कों के आधार पर ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस और उसके समर्थकों की ओर से प्रसारित व्हाट्सएप्प फॉरवर्ड भी घूम रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि गुजरात के वडोदरा की पादरा नगरपालिका चुनाव में ईवीएम की मदद से जनादेश लूटने की शुरुआत हुई थी। बताया जा रहा है कि निगम चुनाव में एक बूथ पर 44 वोट पड़े थे, लेकिन ईवीएम में 111 यानी उससे ढाई गुना ज्यादा वोट दर्ज हुए। उसी व्हाट्सएप्प फॉरवर्ड में यह भी बताया जा रहा है कि कांग्रेस की शिकायत पर अमुक नंबर की ईवीएम की जांच हुई तो पाया गया कि किसी भी उम्मीदवार के नाम के सामने बटन दबाने पर भाजपा को वोट जाता था। एक अन्य व्हाट्सएप्प फॉरवर्ड में दावा किया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में मतगणना के समय कितने ईवीएम की बैटरी 99 फीसदी चार्ज थी। इस आधार पर दावा किया जा रहा है कि 10 घंटे वोटिंग के बाद बैटरी इतना चार्ज नहीं रह सकती थी। इसका मतलब है कि मशीन बदली गई। एक दूसरे व्हाट्सएप्प फॉरवर्ड में ईवीएम का समर्थन करने वालों का मजाक उड़ाते हुए तंज किया जा रहा है कि एपल का फोन हैक हो सकता है, सुरक्षा संस्थानों-बैंकों के कंप्यूटर हैक हो सकते हैं, गाड़ियां हैक की जा सकती हैं लेकिन ईवीएम हैक नहीं किया जा सकता है। 19 लाख ईवीएम गायब होने की बात बरसों से चल रही है। व्हाट्सएप्प फॉरवर्ड में किए गए दावे सही हो सकते हैं और गलत भी हो सकते हैं लेकिन ऐसा लग रहा है कि इनको कांग्रेस के नेता अपनी हार के जख्म पर मल्हम की तरह लगा रहे हैं।

व्हाट्सएप्प फॉरवर्ड के अलावा कांग्रेस की ओर से आधिकारिक रूप से ईवीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक के बाद एक कई पोस्ट डाली गई, जिसमें लिखा गया, 'लोकतंत्र फेल हुआ, ईवीएम में खेल हुआ', 'ईवीएम की बात करो तो बीजेपी तड़प उठती है, आखिर ये कौन सा रिश्ता है?' 'भरोसा टूट रहा है, कोई जनमत लूट रहा है', 'ईवीएम जीत गया, आपका मत हार गया' आदि। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने चुनाव के तुरंत बाद पोस्टल बैलेट में कांग्रेस की बढ़त के आधार पर यह सवाल उठाया कि पोस्टल बैलेट में भाजपा से इतना आगे होने के बावजूद ईवीएम के वोट में कांग्रेस इतने बड़े अंतर से कैसे हारी? एक व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में यह भी दावा किया गया है कि पोस्टल बैलेट में कांग्रेस मध्य प्रदेश की 230 में से 190 सीटों पर आगे थी। हालांकि ऐसा कोई भी दावा राजस्थान, छत्तीसगढ़ या दूसरे राज्य को लेकर नहीं किया जा रहा है। अगर मध्य प्रदेश के नेताओं खास कर दिग्विजय सिंह, कमलनाथ के सोशल मीडिया हैंडल को देखें तो उस पर बड़ी संख्या में ईवीएम से जुड़ी खबरें शेयर की जा रही हैं। उसमें बताया जा रहा है कि क्यों नीदरलैंड ने ईवीएम पर पाबंदी लगा दी या कहां कहां ईवीएम से क्या गड़बड़ी हुई है। कोई भाजपा के राज्यसभा सांसद जीवीएल नरसिम्हा की ईवीएम पर लिखी किताब पढ़ने की सलाह दे रहा है, कोई लालकृष्ण आडवाणी द्वारा ईवीएम पर उठाए गए सवालों का हवाला दे रहा है तो कोई ईवीएम बनाने वाली भारत सरकार की कंपनी बीईएल के इंजीनियरों के हवाले से बता रहा है कि कंपनी सिर्फ ईवीएम नहीं बनाती है, बल्कि पूरी चुनाव प्रक्रिया में शामिल होती है।

सो, अब सवाल है कि ईवीएम के जरिए जनमत लूटने की जो बात मध्य प्रदेश कांग्रेस की ओर से आधिकारिक रूप से कही जा रही है या मध्य प्रदेश के कांग्रेस नेता जो दावे कर रहे हैं क्या कांग्रेस आलाकमान उससे सहमत है? और सबसे बड़ा सवाल है कि कांग्रेस इस मामले को कहां तक ले जाएगी? इन



सवालों के जवाब कांग्रेस को देने हैं लेकिन उससे पहले समझ लेना होगा कि कांग्रेस ईवीएम के मसले को हिट एंड रन के अंदाज में नहीं इस्तेमाल कर सकती है क्योंकि इससे उसको नुकसान हो रहा है। हर चुनावी हार के बाद कांग्रेस के नेता जब ईवीएम में गड़बड़ी का दावा करते हैं या कह कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ईवीएम की मदद से जनमत लूट ले रही है तो इसका बड़ा असर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल पर होता है। उनके मन में धीरे धीरे यह धारणा बैठती जा रही है कि वे मोदी और शाह की कमान वाली भाजपा से नहीं लड़ सकते हैं या उनको नहीं हरा सकते हैं। कांग्रेस के कई नेता यह कहते मिल रहे हैं कि भाजपा वहीं हार रही है जहां वह हारना चाहती है। यानी कर्नाटक, तेलंगाना या कुछ अन्य राज्यों में वह नहीं जीती तो इसलिए कि वह जीतना नहीं चाहती थी ताकि लोगों का चुनावी प्रक्रिया पर भरोसा बना रहे। इस तरह की धारणा मन में बैठने का नतीजा यह है कि बड़ी संख्या में नेता पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने की सोच रहे हैं। उनको लग रहा है कि जब लड़ कर भाजपा को नहीं हरा सकते हैं तो लड़ने की क्या जरुरत है। यह सोच कांग्रेस और समूचे विपक्ष को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है।

तभी इस तरह हर चुनाव के बाद ईवीएम पर सवाल उठा कर या कभी-कभार ईवीएम में गड़बड़ी हो सकने की संभावना पर प्रेस कांफ्रेंस करके चुनाव आयोग को ज्ञापन देने की औपचारिकता निभाने की बजाय कांग्रेस पूरी तरह से चुप रहे, ईवीएम के जनादेश को स्वीकार करे और दावा करके कि उसके प्रयासों की वजह से ईवीएम से भारत में चुनाव हो रहे हैं या फिर निर्णायक लड़ाई लड़े। वह ऐलान कर दे कि उसे ईवीएम पर भरोसा नहीं है, उसे हैक किया जा रहा है, जनमत चुराया जा रहा है, आदिवासी, दलित, पिछड़ों, महिलाओं को उपलब्ध एकमात्र संवैधानिक हथियार को उनसे छीना जा रहा है इसलिए जब तक बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे, तब तक कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ेगी। अगर दूसरी पार्टियां इस अभियान में शामिल होती हैं तो ठीक है अन्यथा कांग्रेस यह काम अकेले करे। अगर वह तुरंत ऐसा नहीं करती है तो बहुत देर हो जाएगी। फिर कोई उसकी बात पर यकीन नहीं करेगा। भाजपा की ओर से यह धारणा बनवाई जा रही है कि कांग्रेस अपने शीर्ष नेताओं यानी गांधी परिवार की साख बचाने के लिए ईवीएम पर ठीकरा फोड़ती है। यह बात अगर आम लोगों के दिल-दिमाग में बैठ गई तो फिर कांग्रेस बाद में चुनाव बहिष्कार करेगी तब भी लोगों पर असर नहीं होगा।


चुनाव बहिष्कार की राय से असहमत लोगों का कहना है कि लोकतंत्र में अगर चुनाव नहीं लड़ेंगे तो आम लोगों की आवाज कैसे उठाएंगे या आम लोगों की लड़ाई कैसे लड़ेंगे? लेकिन यह बहुत बचकानी बात है। क्योंकि आम जनता की लड़ाई लड़ने के लिए संसद या विधानसभाओं में बैठना जरूरी नहीं होता है। आम जनता और संविधान की रक्षा की लड़ाई सड़क पर लड़ी जा सकती है। राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि सड़कें सूनी हो जाएंगी तो संसद आवारा हो जाएगी। आज सड़कें सूनी हो गई हैं। कहीं कोई राजनीतिक आंदोलन होता नहीं दिख रहा है, जबकि सबने देखा कि कैसे सड़क पर बैठ कर किसानों ने सर्वशक्तिशाली सरकार को झुका दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन विवादित कृषि कानून संसद के अंदर के किसी दल के दबाव में वापस नहीं लिए, बल्कि सड़क पर बैठे किसानों के दबाव में वापस लिए। इसलिए अपने 44 या 52 सांसदों के दम पर कांग्रेस संसद के अंदर जो काम नहीं कर पा रही है क्या पता वह अपने 11 करोड़ मतदाताओं की ताकत के दम से सड़क पर उतर के कर दे!

डॉक्टर लोहिया ने कांग्रेस विरोध की सारी लड़ाई सड़क पर रह कर लड़ी थी। वे तो सिर्फ दो बार सांसद बने थे वह भी कुल मिला कर चार साल के लिए। पहले 1963 के एक उपचुनाव में चार साल के लिए वे जीते थे। फिर 1967 में जीते लेकिन जल्दी ही उनका निधन हो गया। लेकिन लोहिया ने सड़क पर आंदोलन करके गैर कांग्रेसवाद को स्थापित किया। उनके प्रयासों से पहली बार 1967 में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में गैर कांग्रेसी सरकार बनी थी। जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से देश में पहली गैरकांग्रेस सरकार बनी थी लेकिन वे खुद कभी संसद में नहीं गए। सो, कांग्रेस अगर संकल्प करे तो चुनाव का बहिष्कार कर ईवीएम की निर्णायक लड़ाई लड़ सकती है और जहां तक जनता की लड़ाई की बात है तो सबको पता है कि वह सड़क पर ही लड़ी जाती है। संसद तो अब और भी जनता के सरोकारों से दूर होती जा रही है।

**-अजीत द्विवेदी-**

## आखिर ये क्या हो रहा है

आखिर ये क्या हो रहा है,
हर जगह कोई ना कोई मर रहा हैं,
कोई चुप हैं, तों
कोई रों रहा हैं,
हर कोई परेशानियों सें जुझ रहा हैं,
आखिर ये क्या हो रहा हैं,
लोग अपनों सें दुर हो रहें,
मोबाइल सें पास हों रहा हैं,
आखिर ऐसा क्यों हों रहा हैं,
अब माँ-बाप समय नही दे पा रहे हैं,
बच्चे भी खेल नहीं पा रहे हैं,
आखिर ऐसा क्यों हों रहा हैं,
दिनभर काम में व्यस्त रहते हैं,
घर आकर भी,
फोन में लगे रहते हैं,
ऐसे ही दुरियाँ हम खुद बना लेते हैं,
फिर पूछते,आखिर ऐसा क्यों रहा हैं,
तुम खुद पूछों खुद से,
आखिर ऐसा क्यों हों रहा हैं।।



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## माँ

उंगली पकड़ कर चलना सिखाया
जब-जब गिरा तब तुमने उठाया
घुटने पर जब लगी चोट मुझको
फूंक मारकर चोट का दर्द भगाया
अपने कदमों परमुझे चलाकर माँ
नन्हें से कदमों को खूब भगा कर
थका हुआ जब भाग कर और
हंसकर गोद में तुमने उठाय।
तुम्हारी जुबान माँ बनी मेरी बोली
तुतलाती जुबान से तुम करती ठिठोली
अम्मा,बाबा,मामाजब भी मैं बोला
मुझे सारे शब्दों काएहसास कराया।
वर्णमाला का मुझे जान दिलाकर
जमा,घटा,गुणा,भाग पहाडे सिखा कर
अंग्रेजी के अक्षरों को
जोड़ना सीखकर मुझे शिक्षा का
तुमने सब पाठ पढ़ाया।
बढ़ता रहा मैं तेज कदमों से चलता रहा मैं
कभी कभी अंधेरों से डरता भी रहा मैं
अंधेरों से मुझको लड़ना सीखा कर
मुझे संभाला,मेरे डर को मार भगाया
सपनों को मेरे तुमने माँ आधार
बनाकर मतलबी दुनिया में जीना
सीखा कर मुझसे तुमने थोड़ी सी
दूरी बनाकर खुले गगन में मुझे
उड़ना सिखाया
कमरे की खिड़की से जब झाँकता हूँ
तारों की दुनियाँ में माँ तुम्हें ताकता हूँ
बंद आंखों में रहती है सूरत तुम्हारी
तुम्हारा छोटा सा जुगनू हूँ मैं
तुम्हारी ही बातों को लोरी बनाकर माँ
तुम्हारे बिना अकेला सोया भी हूँ मैं
रात कटती है करके
तुमसे चंद बातें माँ
पढ़ाई के आलम में
खोया हूं मैं मेरी छोटी छोटी चीजों
का ध्यान रखती
ममता का मुझ पर माँ
तुम हाथ रखती
हर बात को मुझे प्यार से
समझाती हो तुम
आज भी तेरे आंचल में
छुपाता हूँ मैं।
यह दुलारना और थपथपाना
तुम्हारा माँ नए रूप में
मुझे रोज ढालता है
कुंभकार बनकर जो मुझे
संभालती हो
वरना मिट्टी के सिवा क्या हूं मैं।



**सरिता प्रजापति,**
नई दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कंगन की चाहत



**प्रेमा पटेल**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

तीन सहेलियां थी रिंकी, रीमा और वर्षा। तीनों रोज आपस में मिलती और अपनी अपनी बात बताती। तीनों के पति रेलवे में इंजीनियर थे। रीमा ने कहां,÷मेरे पति ने कंगन खरीदा है ये देखो कितने सुंदर है। रीमा की बात सुनकर रिंकी के मन में भी कंगन लेने की बात आई। लेकिन उसे पता था यदि वह अपने पति से खरीदने के लिए कहें गी तो वह कभी नहीं खरीदेंगे। इसलिए वह सोचती है क्यों न कुछ पैसे का इंतजाम कर लूं और कुछ कान के और अंगूठी बेच अपनी कंगन के शौक पूरे कर लूं। एक दिन रिंकी रीमा से बोली मेरे साथ सिटी चलों खरीदारी करने चलों। दोनों सोनार की दुकान पर जाती है कंगन दिखाने की बात करती हैं। दुकान दुकानदार बहुत सारे कंगन दिखाता है जिसमें से एक पसंद आता है जो कि बहुत भारी करीब पैंतीस ग्राम का होता है और मेकिंग चार्ज और जी.एस.टी.मिलाकर दो लाख का पड़ जाता है। रिंकी बेचारी इतने पैसे तो लाई नहीं थी न ही उसके पास थे , उसके लिए उसने अपनी दस ग्राम चैन ,लाकेट, अंगूठी,झूमके सब निकाल कर दे दिया। एकबार तो रीमा ने टोका ,अरे यह झुमके तो अभी नया ही ली थी अभी तो पहने भी नहीं थे,इसे क्यों दे रही हो।मगर रिंकी को तो बस कंगन का भूत सवार था कहने लगीं भाभी ये छोटी छोटी चीजें फिर ले लुंगी मगर कंगन नहीं ले पाऊंगी।फिर पूरे पैसे न होने के कारण सारे पैसे और गहने जमा कर रसीद लेकर बोली इसे आप रखिए कल फिर आऊंगी तो ले जाऊंगी। फिर दूसरे दिन वर्षा के साथ आई अपनी दूसरी ईयर रिंग्स और कुछ पैसे लेकर तब पूरे हुए तो वह अपने कंगन लेकर बहुत खुशी म से घर गई।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सरदार पटेल:एकीकृत भारत के निर्माता



**-योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल गुजरात के नाडियाद में एक किसान परिवार में 31 अक्तूबर 1875 को जन्मे थे, जिन्होंने सदैव देश की एकता को सर्वोपरि माना। सरदार पटेल ने भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिशों को नाकाम करते हुए बड़ी ही कुशलता से आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद



कुशलता से सम्पन्न करने के लिए जाने जाते रहे सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था और इसी दिन को प्रतिवर्ष 'सरदार पटेल स्मृति दिवस' के रूप में मनाया जाता है। देश के पहले गृहमंत्री और पहले उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा। सरदार पटेल ने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी कर अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू की थी। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित हुए और इसीलिए उन्होंने गांधी जी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया। वे भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारियां जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत से साथ पूरा किया करते थे। उनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग सामने आते हैं, जो इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक के जीवन को समझने में सहायक हैं।एक किसान परिवार में जन्मे वल्लभ भाई पटेल जब छोटे थे, तब अपने पिताजी के साथ खेत पर जाया करते थे। एक दिन जब उनके पिताजी खेत में हल चला रहे थे तो वल्लभ भाई पटेल उन्हीं के साथ चलते-चलते पहाड़े याद कर रहे थे। उसी दौरान उनके पांव में एक बड़ा सा कांटा चुभ गया किन्तु वे हल के पीछे चलते हुए पहाड़े कंठस्थ करने में इस कदर लीन हो गए कि उन पर कांटा चुभने का कोई प्रभाव ही नहीं पड़ा। जब एकाएक उनके पिताजी की नजर उनके पांव में घुसे बड़े से कांटे और बहते खून पर पड़ी तो उन्होंने घबराते हुए बैलों को रोका और बेटे वल्लभ भाई के पैर से कांटा निकालते हुए घाव पर पत्ते लगाकर खून बहने से रोका। बेटे की यह एकाग्रता और तन्मयता देखकर वे बहुत खुश हुए और जीवन में कुछ बड़ा कार्य करने का आशीर्वाद दिया।वल्लभ भाई पटेल वकालत की पढ़ाई करने के लिए सन् 1905 में इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन पोस्टमैन ने उनका पासपोर्ट और टिकट उनके भाई विठ्ठल भाई पटेल को सौंप दिए। दोनों भाइयों का शुरूआती नाम वी. जे. पटेल था, ऐसे में बड़ा होने के नाते उस समय विठ्ठल भाई ने स्वयं इंग्लैंड जाने का निर्णय लिया। वल्लभ भाई पटेल ने बड़े भाई के निर्णय का सम्मान करते हुए न केवल बड़े भाई को अपना पासपोर्ट और टिकट दे दिया बल्कि इंग्लैंड में रहने के लिए उन्हें कुछ धनराशि भी भेजी।

सरदार पटेल का जीवन कितना सादगीपूर्ण था और उनका स्वभाव कितना सहज तथा नम्र था, यह इस किस्से से आसानी से समझा जा सकता है। सरदार पटेल उन दिनों भारतीय लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष थे। असेंबली के कार्यों से निवृत्त होकर एक दिन जब वे घर के लिए निकल ही रहे थे, तभी एक अंग्रेज दम्पत्ति वहां पहुंचा, जो विदेश से भारत घूमने के लिए आया था। सरदार पटेल सादे वस्त्रों में रहते थे और उन दिनों उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। अंग्रेज दम्पत्ति ने इस वेश में देखकर उन्हें वहां का चपरासी समझ लिया और असेंबली में घुमाने के लिए कहा। सरदार पटेल ने बड़ी ही विनम्रता से उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पूरे असेंबली भवन में घुमाया। इससे खुश होकर दम्पति ने सरदार पटेल को बख्शीश में एक रुपया देने का प्रयास किया लेकिन सरदार पटेल ने अपनी पहचान उजागर न करते हुए विनम्रतापूर्वक लेने से इन्कार कर दिया। अगले दिन जब असेंबली की बैठक हुई तो वह अंग्रेज दम्पत्ति लेजिस्लेटिव असेंबली की कार्रवाई देखने के लिए दर्शक दीर्घा में पहुंचा और सभापति के आसन पर बढ़ी हुई दाढ़ी तथा सादे वस्त्रों वाले उसी शख्स को देखकर दंग रह गया। वह मन ही मन ग्लानि से भर उठा कि जिस शख्स को चपरासी समझकर उन्होंने उसे असेम्बली घुमाने के लिए कहा, वो कोई और नहीं बल्कि खुद इस असेंबली के अध्यक्ष हैं। अंग्रेज दम्पत्ति सरदार पटेल की सादगी, सहज स्वभाव और नम्रता का कायल हो गया और उसने असेम्बली की कार्रवाई के बाद सरदार पटेल से क्षमायाचना की। एकीकृत भारत की निर्माता यह महान् शख्सियत 15 दिसम्बर 1950 को चिरनिद्रा में लीन हो गई।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# भोजन की बर्बादी के भयावह स्थिति दुनिया की भूख पर पड़ रही भारी



**संजीव ठाकुर चौबे**
कॉलोनी,रायपुर छत्तीसगढ़,

संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2021 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2021 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है। संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ हैद्य जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55 प्रतिशत, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24 प्रतिशत तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24 प्रतिशत भोजन बर्बाद हुआ है। पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैं। बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है। भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता है। भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही है। पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बर्बादी करते आ रहे हैंद्य एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान



छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बर्बादी की वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है। शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है। भोजन की बर्बादी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है, विवाह समारोह अन्य उत्सव बफे सिस्टम एवं अन्य सामाजिक समारोह में अपनी थाली में ज्यादा से ज्यादा भोजन लेकर उसे बर्बाद कर देने की प्रवृत्ति अब आम हो गई है और थाली में पड़ा हुआ अनाज या तो सड़ जाता है अथवा बाहर फेंक दिया जाता है। भोजन की इस तरह बर्बादी एक तरह से कुसंस्कृति को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बुराई के रूप में सामने आ रही है। अनाज को थाली या कूड़ेदान में फेंक देने से उससे केवल अनाज की बर्बादी नहीं होती बल्कि ऊर्जा, जल ,पोषक तत्वों की बर्बादी होती है। अलावा इसको पैदा करने वाले किसानों को भी एक तरह निराशा का सामना करना पड़ता है अनाज उत्पादन के लिए जितनी मेहनत मशक्कत किसान करता है उसके अलावा खेती की जमीन बढ़ाने के लिए वनों का विनाश भी बड़ी तेजी से हो रहा है एवं उस जमीन की उर्वरा शक्ति का भी निरंतर क्षरण हो रहा है ।लगातार रसायनिक खादों रासायनिक तत्वों के उपयोग के कारण मिट्टी की गुणवत्ता तो खराब हो ही रही है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वातावरण भी खराब होता जा रहा है एवं खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट छोड़ने से जानवरों की खाने से जानवरों को भी जीवन का खतरा बनते जा रहा है। इससे अन्य संक्रामक बीमारियां भी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है। अनाज को अपशिष्ट के रूप में बर्बाद करने से न सिर्फ अनाज बर्बाद होता है बल्कि किसान की मेहनत जमीन का क्षरण उसमें लगने वाली सिंचाई के लिए पानी की बर्बादी एवं समय का दुरुपयोग भी माना जाता है। हमारे द्वारा जो भोजन का अपशिष्ट पदार्थ कूड़ेदान में छोड़ दिया जाता है उसकी वजह से वैश्विक अनुसंधान से यह बताया गया है की ग्रीन हाउस गैस ने 10 से 15त्न तक का इजाफा होता है खराब पदार्थों से गैस उत्सर्जन के कारण वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग का भी खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पदार्थ को छोड़ने से वातावरण दूषित होता है एवं संक्रामक बीमारियां न सिर्फ जानवरों में बल्कि इंसानों में भी तेजी से फैलने लगती है एवं इंसान की मौत तक होने लगी है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि भोजन के अपशिष्ट पदार्थ इसी तरह थोड़े जाएंगे तो कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बढ़ सकता है एवं मनुष्य घुट घुट कर जीने के लिए मजबूर हो सकता है। भारत विशेष के संदर्भ में यह केवल देश के नागरिकों को ही सलाह दी जा सकती है कि वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा गरीबी वाले देश में अनाज एवं भोजन की बर्बादी से बचें जिससे अनाज का सदुपयोग भूखे तथा जरूरतमंदों को मुहैया कराया जा सके एवं अपशिष्ट पदार्थों छोड़ने से ग्लोबल वार्मिंग तथा हानिकारक संक्रमण से बचा जा सकेगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# चुनाव में जीत से ज्यादा मुख्यमंत्रियों के चयन की चर्चा

छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा द्वारा जिन तीन मुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की गयी है अगर उसका विश्लेषण करना हो तो बड़े से बड़ा राजनीतिक पंडित इस बात का विश्लेषण नहीं कर सकता कि इनको चुनने का आधार क्या है? मसलन, क्या तीनों राज्यों में सिर्फ जातीय समीकरण साधा गया है? नहीं। क्या तीनों राज्यों में बड़े जनाधार वाले नेताओं को महत्व दिया गया है? नहीं। क्या संघ से संबंध इन्हे चुनने का आधार है? नहीं। चुनावी विश्लेषक अपनी अपनी समझ के अनुसार कोई न कोई आधार खोज ही लेंगे लेकिन असल में सीएम चुनने का आधार क्या है इस गुत्थी को समझ पाना असंभव है। आप जितना अनुमान लगाने की कोशिश करेंगे उतना उलझते जाएंगे कि आखिर इन तीनों राज्यों में किस फार्मूले के तहत सीएम नियुक्त किये गये हैं।

ऐसा लगता है कि सारे आधार दरकिनार करके सिर्फ एक आधार देखा गया। वह यह कि जो भी स्थापित नेता हैं उन्हें छोड़कर किसी ऐसे को बना देना है जिसका नाम सुनकर लोग भौचक्के रह जाएं। गूगल पर सर्च करने पर भी लोगों को पता न चले कि ये आखिर हैं कौन? हर एक के मन में बस एक सवाल आये कि अरे इनको सीएम बनाया तो क्यों बनाया?

अब प्रधानमंत्री मोदी के हर काम को मास्टरस्ट्रोक कहनेवाले



समर्थक सक्रिय होंगे और वो भांति भांति के तर्कों से समझाएंगे कि ऐसा करना क्यों जरूरी था। जहां तक शीर्ष नेतृत्व यानी मोदी और शाह का सवाल है तो वह तो कभी बतानेवाले नहीं कि उन्होंने ये किया तो क्यों किया? हां, इतना जरूर हुआ है कि तीनों राज्यों में जीत से भाजपा कार्यकर्ता जितने उत्साहित थे, जैसे जैसे मुख्यमंत्रियों के नाम की घोषणा होती गयी उनका उत्साह ठंडा पड़ता गया। भाजपा का कोई सामान्य कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर दिखावटी खुशी भी नहीं मना पा रहा है। मानों दिसंबर के सर्द मौसम में सबके मन पर घड़ों पानी पड़ गया हो। फिर भी मोदी ने संसद भवन में खड़े होकर कभी कहा था कि मुझे और कुछ आये न आये राजनीति करना आता है। 2001 से 2023 तक की उनकी राजनीतिक सफलता देखकर इस पर भरोसा भी होता है कि गुजरात के सीएम रहते हुए उन्होंने कैसे देश के पीएम बनने का सफर पूरा किया। सीएम थे तो देश के सबसे पॉपुलर लीडर बने और पीएम बने तो दुनिया के सबसे पॉपुलर लीडर बन गये। उनकी सफलता बताती है कि उन्होंने राजनीति की जो स्क्रिप्ट लिखी उस पर बनी फिल्म सुपर डुपर हिट हुई। फिर कोई उनके निर्णयों पर शंका करे भी तो कैसे? लेकिन उनकी राजनीतिक सफलता की इस दो दशक की यात्रा में उनके काम करने की शैली हमेशा से चौंकानेवाली ही रही है। वो अपने काम काज और निर्णयों से हमेशा चौंकाते हैं। मोदी के जिन कामों को देखकर जनता चौंकती है, असल में उसे पूरी तैयारी के साथ किया जाता है। उनके निर्णय रातों रात नहीं होते, लेकिन जब सामने आते हैं तो सबको चौंका देते हैं। लेकिन तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नाम सामने आने के बाद इस संभावना को भी बहुत बल नहीं मिलता कि चुनाव से पहले ही उन्होंने अपने मन में मुख्यमंत्रियों के नाम फाइनल कर लिये होंगे।

**-संजय तिवारी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## गलत राह मे कभी मत जाना

गलत राह तुम्हें लालच देगा,
अपनी ओर आकर्षित करेगा,
इस लालच में कभी मत आना,
सोच समझ कर कदम बढ़ाना,
गलत राह में कभी मत जाना।
सही राह शुरूआत में कष्ट देगा,
लेकिन बाद में सुखदायक होगा,
यह बात हमेशा दिमाग मे रखना,
ईमानदारी से बेहतर जीवन जीना,
गलत राह मे कभी मत जाना।
माता-पिता धरती के भगवान है,
अपने माता पिता को मत सताना।
उनको दुःख पीड़ा बहुत होता है,
इस बात को हमेशा समझना,
गलत राह मे कभी मत जाना।
सदा अच्छा व सकारात्मक सोचना,
गलत विचार मन में मत आने देना।
धूर्त लोगों से हमेशा दूर रहना,
अच्छी बातो को जीवन में उतारना,
गलत राह मे कभी मत जाना।



**श्याम सुन्दर साहू**
राजिम,जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# सड़क दुर्घटना में दूधमुहे बच्चे की मौत,मां गंभीर



- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के जुनाडीह के पास पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी जिस ऑटो में कई सवारी बैठे थे। जिसमें चार माह के दूधमुहे बेटे को गोद में लेकर बैठी महिला सड़क पर गिर गई और गोद से बच्चा छिटककर अलग हो गया। दुर्घटना में मां-बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मासूम बेटे की मौत हो गई। मासूम बच्चे की मौत से परिवार की खुशियां उजड़ गई। वहीं मां का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार गंगोत्री बाई लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर की रहने वाली है। वह 13 दिसंबर की दोपहर को अपने 4 माह के दूधमुहे बेटा अमास को गोद में लेकर ऑटो से लखनपुर बाजार जा रही थी। ऑटो में अन्य सवारी भी बैठे थे। रास्ते में जुनाडीह के पास सामने से आ रहे पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दिया। इससे महिला सड़क पर गिर गई और महिला के गोद से छिटककर बच्चा सड़क पर कुछ दूर फेंका गया। दुर्घटना में मां-बेटे दोनों जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान दूधमुहे बच्चे की मौत हो गई। जबकि मां का इलाज चल रहा है।

# सरगुजा में पड़ रही कड़ाके की ठंड,न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री,स्कूलों का समय बदला

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।



चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर खत्म होते ही सरगुज संभाग सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पडनी शुरू हो गई। मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में लगातार उत्तर से शुष्क हवा आ रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 1 डिग्री नीचे है। वहीं न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। मौसम वैज्ञानिक का मानना है कि 28 घंटे के अंदर न्यूनतम तापमान में आंशिक वृद्धि की संभावना है जो ठंड से कोई विशेष राहत नहीं मिलने की उम्मीद है। न्यूनतम तापमान में गिरावट हाने से धूप भी बअसर साबित हो रहा है। वहीं जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए कलेक्टर ने स्कूल के समय में परिवर्तन करने का निर्देश दिया है। ताकि बच्चों को ठंड से थोड़ी राहत मिल सके।

मौसम वैज्ञानी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आसमान में बादलों की उपस्थिति देखा जा रहा है। जो पूर्वोत्तर की ओर अग्रसर है। इसका आंशिक असर उत्तरी छत्तीसगढ़ में रहने की संभावना है। पूर्वी हवा का आगमन से तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। अगले 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में आंशिक वृद्धि की संभावना है। इससे ठंड में विशेष राहत मिलने की उम्मीद नहीं लग रही है।

# तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलटी



- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शहर के रिंग रोड मिशन चौक के पास तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर ओमनी वाहन को ठोकर मारते हुए पलट गई। इस दौरान सडक़ किनारे एक घर को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि घरवालों को भी कुछ नहीं हुआ है। वहीं दुर्घटना में बस का चालक घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

धर्मजयगढ़ निवासी चालक रौशन किंडो बुधवार को रामानुजगंज से बिना यात्री के छबड़ा बस को लेकर अंबिकापुर आ रहा था। देर रात को अंबिकापुर स्थित रिंग रोड मिशन चौक के पास बस अनियंत्रित हो गई और ओमनी कार को टक्कर मारते हुए सडक़ पर पलट गई। इस दौरान सडक़ किनारे एक घर को भी क्षति पहुंचा है। इधर घर में मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। वहीं दूसरी ओर गनीमत यह रही कि बस चालक और क्लीनर के अलावा बस में कोई भी सवार नहीं था। दुर्घटना में बस का चालक रौशन किंडो जख्मी हो गया है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर सडक़ को खाली करवाया गया।

# छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने शाला संचालन समय में किया परिवर्तन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 दिसम्बर 2023

(घटती-घटना)।कलेक्टर कुंदन कुमार ने जिले में पड़ रही ठंड के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी कर जिले में संचालित होने समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शाला संचालन समय में परिवर्तन किया है।जारी आदेशानुसार शाला संचालन समय दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं में प्रथम पाली में सोमवार से शुक्रवार तक प्रात: 9 बजे से 12:30 बजे तक एवं शनिवार को अपरान्ह 12:45 बजे से 4:15 तक तथा द्वितीय पाली में सोमवार से शुक्रवार तक अपरान्ह 12:45 बजे से 4:15 बजे तक एवं शनिवार को प्रात: 9 बजे से 12:30 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं सोमवार से शुक्रवार तक प्रात: 9:45 बजे से 4 बजे तक एवं शनिवार को प्रात: 9 बजे से 12:30 बजे तक संचालित रहेंगी।

# चोरी की बाइक व स्कूटी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

बाइक चोरी के मामले में मणिपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की स्कूटी व बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार शिवचरण मिंज नावापारा थाना मणिपुर का रहने वाला है। 1 दिसंबर इसकी बाइक अज्ञात चोर ने इसके घर के परछी से पार कर दिया था। वह मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी।



विवेचना के दौरान पुलिस ने सुरेश यादव पिता मड़वारी उम्र 27 वर्ष निवासी बंजारीपारा थाना मणिपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने साथी सूरज विश्वास पिता तपन विश्वास उम्र 26 वर्ष निवासी मणिपुर के साथ बाइक व एक स्कूटी चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से स्कूटी व बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक नवल दुबे, सहायक उप निरीक्षक बबलू कुजूर,आरक्षक अतुल शर्मा सैनिक दिनेश यादव शामिल रहे।

# शहर में बाइकर्स मचा रहे हुड़दंग,आमजन परेशान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।




सरगुजा पुलिस द्वारा शहर में शांति व्यवस्था बनाए जा रहा है। परंतु पिछले कुछ दिनों से कुछ असामाजिक लोगों द्वारा शांत माहौल को अशांत करने का प्रयास किया जा रहा है मुख्य रूप से इनमें वे बाइकर्स है जो अनियंत्रित गति से वाहन चलाते हैं जिससे पिछले दिनों में कई दुर्घटना कि खबर आ चुकी है।

मुख्य रूप से शैक्षिक संस्थानों के आसपास जहां युवाओं द्वारा बाइक से स्टंट किया जाता है। वहीं मैदान में तेज रफ्तार से गाडियों को चलाया जाता है जिससे वहां आवागमन करने वाले छात्र-छात्राएं काफी असुरक्षित महसूस करते हैं एवं कभी भी दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती हैं।

संभाग का सबसे बड़ा महाविद्यालय शहर में स्थित पीजी कॉलेज जिसका मैदान काफी बड़ा है कुछ बाइकर्स द्वारा वाहन अनियंत्रित गति से गाडियों को चलाया जाता है एवं ड्रिफ्ट कर स्टंट किया जाता है। अध्ययन करने आए छात्र-छात्राएं इस बड़ी परेशानी को लेकर काफी चिंतित हैं। वहां कई मोहल्लें में भी देर-रात कुछ बाइकर्स द्वारा तेज रफ्तार गली बाइक में चलाया जाता है जिससे कि लोगों की रातों की नींद खराब होती है एवं दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

वही पीजी कॉलेज मैदान में ही शाम होते ही आजकल असमाजिक तत्वों का आवागमन भी शुरू हो जाता है जहां हॉकी मैदान में कुछ लोगों द्वारा नशीली पदार्थ का सेवन किया जाता है जिससे वहां शाम को आए टहलने लोगों को काफी दिक्कत होती है एवं वह इससे काफी दिनों से परेशान हैं। जिसको देखते हुए गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा एवं संघ छात्र संघ द्वारा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा को ज्ञापन सोपा गया एवं मांग किया गया कि जल्द से जल्द तेज रफ्तार में चलाए जा रहे वाहनों पर शिकंजा कसा जाए एवं उन्हें कड़ी सजा दी जाए जिससे कि शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे एवं लोग भी सुरक्षित महसूस कर पाए वहीं देर शाम पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग करने की भी मांग की गई जिससे कि असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके।

# ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

- संवाददाता -
सूरजपुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।





विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामूहिक सहभागिता से सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में ''विकसीत भारत संकल्प यात्रा'' के तहत जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता रही । स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायतों में प्रमुख स्थलों के साथ चौक चौराहों, स्कूल परिसर ऑगनबाड़ी परिसर, गली मुहल्लें, सड़कों एवं बाजार स्थल की सफाई की जा रही है।

इस अभियान में जनप्रतिनिधि, ग्रणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन, सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व सहायता समूहों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इस स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम अभियान से ग्रामीणजनों को सार्वजनिक स्थलों को साफ सुथरा रखने, स्वच्छता से जुड़े बिमारीयों को नियंत्रित करने तथा स्वच्छता के महत्व को समझने एवं उससे होने वाले लाभ की प्रेरणा मिली, व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग सुनिश्चित कराने हेतु स्वेच्छाग्राहीयों द्वारा घर-घर ग्रामवासीयों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जा रहा है।

# मानवाधिकारों को जीविन में धारण करने के लिए छात्रों को किया गया प्रेरित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।




राजीव गांधी पीजी कॉलेज अंबिकापुर के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा मानवाधिकार दिवस एवं मानवाधिकारों की वैश्विक उद्घोषणा के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत में मानवाधिकार मुद्दे एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय राजमोहनी देवी कन्या महाविद्यालय अंबिकापुर के सहायक प्राध्यापक अखिलेश द्विवेदी ने मानवाधिकार से सम्बंधित जानकारी बहुत ही विस्तारपूर्वक, सरल और रोचक तरीके दी। अखिलेश द्विवेदी ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार और राज्य के नीति निदेशक तत्वों और उदारवादी विचारों के प्रभाव के आलोक में विद्यार्थियों को मानवाधिकार के विषय को गंभीरता से समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने मानवाधिकारों को जीविन में धारण करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। जिससे समाज में बेहतर सामाजिक वातावरण का सृजन हो सके। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ.स्नेहलता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में विषय पर स्वागत उदबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप चतुर्वेदी सहायक प्राध्यापक ने किया एवं डॉ पीयूष कुमार पाण्डेय,सहायक प्राध्यापक ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विभाग से डॉ जसिंता मिंज,वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक,विनीत कुमार गुप्त सहायक प्राध्यापक एवं राजनीति विज्ञान के बहुत से छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिकारी खुद हो गया शिकार...जंगली जानवरों को मारने के लिए लगाए बिजली के तार में फंसकर हुई मौत



- संवाददाता -
बलरामपुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कई बार ऐसा भी होता है कि शिकार के लिए बिछाए जाल में शिकारी खुद फंसकर अपनी जान गंवा बैठता है। ऐसा ही कुछ वाड्रफनगर निवासी जितेंद्र उर्फ मुन्ना के साथ हुआ, जो जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाए विद्युत तार की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठा।

घटना वाड्रफनगर पुलिस चौकी अन्तर्गत भगवानपुर जंगल की है, जहां जंगली जानवर का शिकार करने के लगाए गए विद्युत तार की चपेट में आने से एक शख्स की मौत की खबर पर चौकी प्रभारी सहित अन्य स्टाफ घटना स्थल पहुंचे. शव का पंचनामा पश्चात शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए वाड्रफ़नगर के सिविल अस्पताल में भेजा गया.मामले में विवेचना अधिकारी एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा ने बताया कि वाड्रफनगर के वार्ड नं. 15 से लगे जंगल में कुछ लोग जंगली जानवर का शिकार के उपदेश से दूर रात जंगल में गए थे. एक जितेन्द्र उर्फ़ मुन्ना को छोडकर सभी वापस लौट गए। जितेंद्र के भाई के पूछने पर साथियों ने बताया कि वह जंगल में कही गुम हो गया है, और ढूंढ़ने पर भी नहीं मिला।

इसके बाद गांव वाले जितेन्द्र को ढूंढ़ने के लिए निकले. घटना स्थल पर जितेन्द्र मृत मिला। प्रथम दृष्टया में ही यह प्रतीत हो रहा था कि उसकी मौत करंट लगने से हुई हैं। फिलहाल,वाड्रफनगर पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर मामले में शामिल लोगों का पता लगा रही है. साथ ही मौत की पूरी वजह तलाश रही हैं. पुलिस का कहना हैं जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# अंबिकापुर विधायक ने लखनपुर और लहपटरा अमेरा धान खरीद केंद्र का किया निरीक्षण

» **विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा समिति प्रबंधक को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की शिकायत बर्दाश्त नहीं होगी**

- संवाददाता -
लखनपुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लहपटरा (अमेरा ) धान खरीदी केंद्र में किसानों के द्वारा समिति के वारदाना प्रभारी संजय प्रजापति द्वारा किसानों से 100-100 रूपए लेने की शिकायत किसानो द्वारा किया गया। जिस पर विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल द्वारा समिति प्रबंधक को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की शिकायत बर्दाश्त नहीं होगी समय रहते सुधार करे या कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वप्रथम लखनपुर धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण किया गया जहां किसानों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा किया गया और उनसे पूछा गया कि धान खरीदी या धान बिक्री में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी हो रही है क्या इस संदर्भ में सभी किसानों ने लखनपुर समिति प्रबंधक के द्वारा किसी प्रकार का कोई शिकायत नहीं किया गया। जिस पर विधायक द्वारा समिति प्रबंधक चंद्र प्रताप सिंह से आज तक हुए धान खरीदी के बारे में पूछा गया जिसमें बताया गया कि लखनपुर धान खरीदी केंद्र में अब तक 12394 क्युंटल धान खरीदी की गई है अब ऋण के विरुद्ध वसूली की गई



कुल राशि अबतक की गई कुल राशी 73 लाख 33 हजार की गई है और धान की उठाओ 10040 कीविंटल हो चुकी है।

के पश्चात लहपटरा (अमेरा ) धान खरीदी केंद्र में विधायक द्वारा पहुंचकर किसानों से रूबरू होते हुए किसानों ने नवनिर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल की जोरदार नारेबाजी करते हुए स्वागत किया गया और किसानों से सीधे जाकर बात की गई और पूछा गया कि आप लोगों को किसी प्रकार की धान बेचने में दिक्कत या परेशानी हो रही है इसी संदर्भ में किसानों के द्वारा यह बात सामने आया कि समिति का बरदाना प्रभारी संजय प्रजापति के द्वारा किसानों से 100 -100रुपए अवैध रूप से वशुली किया जा रहा है।

इतनी बात सुनकर निर्वाचित विधायक राजेश अग्रवाल समिति प्रबंधक लालजीत यादव और सहयोगी कर्मचारी को फटकार लगाते हुए कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है और किसानों को किसी प्रकार का कोई दिक्कत या परेशानी नहीं होनी चाहिए अगर किसानों को इस तरह से कोई अवैध वशुली कार्य कर रहा है। उसको तत्काल कार्रवाई की जाएगी और धान खरीदी केंद्रों में कोई भी कोच्चिया धान की अवैध बिक्री या खरीदी ना करें इसके लिए भी समिति प्रबंधक सख्त हो जाएं किसानों को सुविधा उपलब्ध कराया जाए किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए समिति प्रबंधक को डाट फटकार लगाई गई।

गौरतलब हैं कि लहपटरा (अमेरा ) अब तक 9276 क्रिंटल धान खरीदी की गई है और इसकी उठाओ 4040 क्विंटल हुई है किसानों से ऋण के विरुद्ध वसूली की गई राशि 5087595 रुपए अब तक की गई है ।

निरीक्षण में मुख्य रूप से मंडल के अध्यक्ष दिनेश साहू ,अमित बारी दिनेश बारी, तबरेज आलम, समीम खान, यतेंद्र पांडेय सहित क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

# सेना के अधिकारी ने रची थी मुझे बेदखल करने की साजिश, जजों पर बनाया था दबाव;नवाज शरीफ ने कही यह बात



**लाहौर,14 दिसम्बर 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के राष्ट्र के नाम संबोधन में दिए गए बयान ने सियासी हलचल तेज हो गई है। 2014 से 2017 के कार्यकाल के दौरान सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा उन्हें सत्ता से बेदखल किया गया था। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ न्यायाधीशों को उन्हें सत्ता से हटाने के लिए मजबूर किया गया था। सैन्य प्रतिष्ठान के लोगों ने न्यायाधीशों के घर जाकर उन्हें धमकाया था। उस दौरान उन्होंने उस पर दबाव बनाया कि मेरे खिलाफ अदालती फैसला सुनाया जाए।

बता दें पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को मंगलवार को अल अजीजिया स्टील मिल भ्रष्टाचार मामले में बरी कर दिया गया। साथ ही उन्हें एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में पहले ही बरी कर दिया गया है, उन्हें जुलाई 2018 में दोषी ठहराया गया था। वहीं अन्य फ्लैगशिप भ्रष्टाचार मामले में भी उन्हें राहत मिली हैं। शरीफ ने कहा कि मुझे खुशी है कि मामलों में आ रहे फैसले मेरे पक्ष में हैं। ये सभी मामले फर्जी और खोखले थे। साथ ही संबोधन में उन्होंने कहा कि मेरे साथ खड़े लोगों को धन्यवाद।

मेरे खिलाफ साजिश गई थी- नवाज शरीफ

अल अजीजिया और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में उनकी सजा पलटने के बाद कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि वह चुनाव लड़ने और सार्वजनिक पद संभालने के लिए भी पात्र हो सकते हैं। मेरे खिलाफ हमेशा सुनियोजित साजिश अक्सर रची गई थी। 2014 में इमरान खान के धरने के बाद मुझे सुप्रीम कोर्ट के जरिए 2017 में सत्ता से बेदखल कर दिया था।

गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इमरान खान को सत्ता में लाने के लिए मेरे खिलाफ साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा मुझे इस बात का अफसोस है कि मेरे खिलाफ चल रहे मामलों की सुनवाई करने वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उनकी तुलना माफिया और गॉडफादर से की थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की जनता को उन्हें सत्ता से बेदखल कर महंगाई और महंगाई की सजा दी गई है।

नवाज शरीफ राजनीतिक रूप से अस्थिर पाकिस्तान में तीन बार प्रधानमंत्री बने, लेकिन हर बार उन्हें अपने कार्यकाल के बीच में ही पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। अक्तूबर माह में शरीफ ब्रिटेन से पाकिस्तान लौट आए, जहां उन्होंने आत्म निर्वासन में चार साल बिताए।

# पाकिस्तान में नौकरशाह नहीं बन पाएंगे रिटर्निंग ऑफिसर, चुनाव आयोग के फैसले पर लाहौर हाईकोर्ट की रोक



**लाहौर,14 दिसम्बर 2023।** पाकिस्तान में अगले वर्ष आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए नौकशाहों को रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के रूप में नियुक्त करने के चुनाव आयोग के फैसले को निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान यह फैसला लिया है। जिसके बाद से पाकिस्तान में सियासी हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर तमाम प्रतिक्रियाएं दी हैं, साथ ही कुछ दलों ने इसे चुनाव स्थगित करने की साजिश करार देते हुए गलत कहा है।

लाहौर उच्च न्यायालय ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यपालिका से नौकरशाहों को रिटर्निंग ऑफिसर और जिला रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त करने करने के चुनाव आयोग पाकिस्तान के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अली बकर नजफी ने कहा कि तथ्यात्मक आधार पर याचिकाकर्ता (पीटीआई) की राजनीतिक पार्टी के लिए समान अवसर की स्पष्ट अनुपस्थिति सभी को दिखाई देती है और कई स्वतंत्र समूहों ने भी इसे गंभीरता से नोट किया है।

**चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव नहीं करवा सकता**

सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कई आरोपों में जेल में बंद इमरान खान और अन्य पीटीआई नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के जेल के अंदर बंद होने या भूमिगत हो जाने से उनकी राजनीतिक पार्टी द्वारा चुनाव प्रचार करना एक बड़ा सवालिया निशान होगा। न्यायाधीश ने आगे कहा कि याचिकाकर्ता की यह आशंका कि ईसीपी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं करा सकता है, सही प्रतीत होती है क्योंकि आरओ, डीआरओ और सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) पूरे देश में प्रशासन के वर्तमान में तैनात सदस्यों में से नियुक्त किए जाते हैं।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक संकल्पित








**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

रामानुजनगर विकासखंड शिक्षा विभाग में शिक्षक अनुकरणीय पहल किया जा रहे हैं। रामानुजनगर के दूरस्थ ग्रामीण अंचल के विद्यालय प्राथमिक शाला राजापुर के प्रधान पाठक धनसिह मरावी ने एक कार्यक्रम आयोजित करके अपने प्राथमिक शाला में दर्ज सभी 60 बच्चों को अपने वेतन से सत्रह हजार चार सौ रुपए मूल्य का स्वेटर प्रदान कर बड़ा उदाहरण पेश किया है। प्रधान पाठक के इस पुनीत कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए मुख्य अतिथि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू ने कहा कि अगले मई में सेवानिवृत होने वाले प्रधान पाठक द्वारा भीषण ठंड में गरीब बच्चो को स्वेटर गिफ्ट करना, उनके इस कार्य को शब्दो में व्याख्या नहीं हो सकती। एबीईओ ने बताया की इसी तरह माध्यमिक शाला तीवरागुड़ी की शिक्षिका ममता वर्मा ने गत माह में स्वयं के वेतन से अपने विद्यालय में पढ़ने वाले 130 छात्रों को लगभग बयालीस हजार रुपए की लागत से टी-शर्ट का निशुल्क वितरण किया। रामानुजनगर के ही प्राथमिक शाला भैसामुडा की प्रधान पाठक श्रीमती उमापति साहू ने 35 छात्रों को स्वयं के वेतन से स्कूल बैग प्रदान किया। प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला जगतपुर के प्रधान पाठक हेमलता चंद्रा एवं श्री विजय कश्यप ने अपने सहयोगी शिक्षकों के मदद से दोनों स्कूलों के 146 बच्चों को टाई बेल्ट प्रदान किया। श्री साहू ने कहा सभी शिक्षक इन उदाहरणों से प्रेरणा लेकर अपना बेस्ट से बेस्ट छात्रों को दें तो निश्चित रूप से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने उपस्थित एसएमसी एवं पालकों, समुदाय से अपील किया की ऐसे शिक्षको का अपने स्तर से सम्मान करें, तभी उनका हौसला बढ़ेगा। संकुल प्राचार्य डॉक्टर कुसुम सिंह परस्ते ने कहा शिक्षक अपनी चिंतन को बाल केंद्रित करें तो निश्चित रूप से इसका परिणाम सुखद मिलेगा यह मेरे संकुल के लिए बड़ी उपलब्धि है। अपने उद्बोधन में परशुरामपुर के संकुल प्राचार्य चंद्रविजय सिंह ने कहा कि प्रधान पाठक जी का कार्य हमारे सकारात्मक चिंतन को एक कदम आगे बढ़ता है। निश्चित रूप से इस प्रकार के अच्छे कामों से छात्रहित के कार्य के साथ साथ शिक्षको की भी गरिमा बढ़ती है। कार्यक्रम में प्रधान पाठक रामनारायण सिंह, व्याख्याता एस कुमार, शिक्षक खिलेश्वर जखेल, शिक्षक सोहन सिंह, शिक्षक भैया लाल रजवाड़े, अनुपमा बारीक, गीता सिंह, संकुल समान्यवयक वंशधारी सिंह, हरिनंदन सिंह, विजेंद्र सिंह समेत अनेक ग्रामीण, पालक एवम एसएमसी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनबोध दास मानिकपुरी ने किया और आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक धन साय मरावी जी ने किया।

# संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन

**» एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपाट में होगा आज**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिरूचि पैदा करने तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक ज्ञान एवं अनुभव का विस्तार करने हेतु वृहद मंच प्रदान करने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का संभाग स्तरीय आयोजन 15 दिसम्बर को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपाट में किया गया है। प्रदर्शनी हेतु थीम साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फॉर सोसायटी है, जिसके अंतर्गत (ए) हेल्थ (बी) लाईफ (लाईफस्टाइल फॉर एनवोरमेंट) (सी) एग्रीकल्चर (डी) कम्युनिकेशन एन्ड ट्रान्सपोर्ट (ई) कम्प्युटेशनल थिंकिंग होगा।

संभागस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु आयोजन समिति गठित की गई है।

जिसमें इएमआरएस मैनपाट के प्राचार्य एस पी बेहरा संयोजक होंगे एवं समिति के सदस्य इएमआरएस शिवपुर बतौली के प्राचार्य अशोक अरविन्द तिग्गा, इएमआरएस सहनपुर लुण्ड्रा के प्राचार्य सुशील यादव, इएमआरएस पेटला सीतापुर के प्राचार्य मनोज वर्मा होंगे। यह समिति विभागाध्यक्ष के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार संभागस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु आवश्यक तैयारी एवं रूपरेखा तैयार करेंगे एवं कार्यक्रम समापन कर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रेषित किए गये बाल प्रतिवेदन तैयार कर हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत करेंगे।

प्रदर्शनी में संभाग स्तर से प्रत्येक थीम में 3-3 मॉडल चयन करने हेतु नियमानुसार विषय विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपाट के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतेश्वर सिंह, पीजी कॉलेज अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक डॉ.तृप्ति विश्वास, कृषि विज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र मैनपाट के सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार लकड़ा, शास.पॉलिटेकनिक कॉलेज अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक श्रीमती धात्री वर्मा, संतगहिरा गुरू वि.वि.सरगुजा के कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक हरिशंकर प्रसाद टोण्डे सदस्य होंगे।

## गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** कलेक्टर कुंदन कुमार के द्वारा 18 दिसम्बर 2023 को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिले की देशी-विदेशी मदिरा दुकानें,एफ.एल.8 एवं मद्य भण्डारण बंद रखी जाएगी। इस दिन मदिरा का विक्रय परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा।

# प्रेमी ही निकला कातिल,पुलिस ने युवती के प्रेमी बैंककर्मी को किया गिरफ्तार

**बलरामपुर क्षेत्र के आवराझरिया घाट में मिली थी युवती की लाश**



**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

19 नम्बर की शाम कोतवाली बलरामपुर क्षेत्र के आवराझरिया घाट में मिली युवती की लाश के मामले की गुत्थी को सुलझा लिया है.।.पुलिस ने युवती के प्रेमी बैंककर्मी अजित पाठक को गिरफ्तार कर लिया है। बहरहाल पुलिस ने हत्या की इस गुत्थी को सुलझा तो लिया है..लेकिन इस मामले पर पुलिस के द्वारा लीपापोती किये जाने का आरोप भी मृतिका के परिजन लगा चुके है.।.खुद मृतिका के पिता ने एसपी से मिलकर मदद की गुहार भी लगायी थी।

दरअसल अम्बिकापुर के ग्राम सुखरी निवासी 23 वर्षीया पूजा देवांगन की लाश आवराझरिया घाट पर मिली थी...पुलिस को पूजा की लाश के पास से विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड,1 लाख रुपये का ब्लैंक चेक व मृतिका का आधार कार्ड,पैन कार्ड मोबाइल मिला था..और पुलिस मृतिका के कब्जे से मिले सामानों के आधार पर जांच कर रही थी.।.पुलिस ने इस गुत्थी को सुलझाने फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम व सायबर सेल की भी मदद ली थी.।.पुलिस ने सायबर सेल द्वारा की गई कॉल डंपिंग के आधार पर उसके प्रेमी अजित से पूछताछ की और उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**मृतिका के परिजनों को था संदेह!**

बता दे कि मृतिका की हत्या किए जाने का आरोप मृतिका के परिजन शुरू से ही लगाते रहे है..और इस सम्बंध में मृतिका के पिता ने आरोपी और पुलिस के मिलीभगत का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग एसपी से की थी !..वही इस मामले में कई सुलगते सवाल व मिलीभगत का अंदेशा जाहिर किया जा रहा था..लेकिन देर से आये दुरुस्त आये की कहावत चरितार्थ हो गई है।

एडीशनल एसपी चंद्रेश सिह ठाकुर के मुताबिक आरोपी 30 वर्षीय अजित पाठक रामानुजगंज ग्रामीण बैंक में पदस्थ है..और पूजा देवांगन व आरोपी के मध्य उसके (अजित) के अम्बिकापुर पदस्थापना के दौरान पिछले तीन वर्षों से प्रेम सम्बन्ध थे.।.वही 28 नवम्बर को आरोपी की शादी अन्यंत्र होनी थी...जिससे क्षुब्ध होकर पूजा अजित से मिलने 19 नम्बर को दोपहर में बलरामपुर पहुँची थी..और आरोपी से मिली भी।..इस बीच पूजा अजित पर शादी करने का दबाव बना रही थी...लेकिन यह बात अजित को नागवार गुजरी..और तैश में आकर अजित ने अपनी नेक्सान कार से पूजा को ठोकर मार दी ...और कार से नीचे उतरकर मृतिका की नब्ज भी टटोली थी..लेकिन पूजा की मौके पर ही मौत हो गई थी..और अजित मौके पर से फरार हो गया था !..पुलिस ने इस मामले में हत्या व साक्ष्य छिपाने का अपराध दर्ज किया है।

# आसमान से होती है नोटों की बारिश लड़की का दावा-उस पर नाग देवता की है शक्ति

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।**





छत्तीसगढ़ के सूरजपुर की एक महिला का दावा है कि उस पर नाग देवता की शक्ति सवार हो गई है। इसकी मदद से वह लोगों की तकलीफों को दूर करती है। यह भी दावा है कि पूजा-पाठ के बाद 100, 200 और 500 के नोटों की बारिश होती है। अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने इसे अंध-विश्वास बताया है। वह इसे पजेसिव सिंड्रोम बताते हैं।

दरअसल, मोहनपुर गांव में पिछले 17 दिनों से पूजा-पाठ का दौर चल रहा है। जो महिला नाग देवता की शक्ति का दावा कर रही है, उसका नाम प्रमिता है। उसका कहना है कि वह पहले बीमार रहती थी, तभी किसी ने उसे सलाह दी कि वह शिव चर्चा से जुड़े। इसके बाद उसने पूजा-पाठ शुरू किया। एक दिन उसे सपना आया कि धूप बत्ती जलाकर पूजा पाठ करे। उसने ठीक वैसा ही करना शुरू कर दिया।

**आसमान से होती है पैसों की बारिश**

महिला प्रमिता ने बताया कि जब वह पूजा करती है तो आसमान से 100, 200 और 500 के नोटों की बारिश घर के बरामदे में होती है, जिसे उठाकर परिजन भगवान के आसन के पास रख देते हैं और कुछ समय बाद वह पैसे गायब हो जाते हैं। जब कभी उनके पास चावल-दाल की कमी होती थी, तो उन्हें वह भी अपने आप उपलब्ध हो जाया करता है।

**श्रद्धालुओं ने पैसों को आसमान से गिरते देखा**

महिला के पास पहुंचे श्रद्धालु सुरेश दास मानिकपुरी और सिलोचना ने कहा कि पैसों की बारिश होने वाली बात सही है। उन्होंने भी कई बार पूजा के समय पैसों को आसमान से गिरते हुए देखा है।

**महिला पर नाग देवता की शक्ति सवार**

महिला का दावा है कि वह खुद से कुछ नहीं करती है, उसके ऊपर नाग देवता की शक्ति सवार है। नाग देवता लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निदान करते हैं। इस दौरान जब यह सब होता है, उसे कुछ भी याद नहीं रहता है।

**मोहनपुर गांव में 17 दिनों से लगा दरबार**

महिला के गांव में पिछले 17 दिनों से दरबार लगा हुआ है। प्रमिता लोगों की समस्याएं सुन रही है और निदान कर रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मोहनपुर गांव आ रहे हैं। सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। लोगों की मान्यताएं हैं कि जो कोई श्रद्धालु यहां अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं उनके समस्याओं का निदान हो जा रहा है।

**जांच के बाद उचित कार्रवाई करेंगे**

सूरजपुर डीएसपी नंदनी ठाकुर ने कहा कि हमें जानकारी मिली है, टीम भेजकर जानकारी लेकर उचित कार्रवाई करेंगे।

**महिला को मनोचिकत्सक को दिखाना चाहिए**

वहीं अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कि इस तरह के दावे भ्रामक होते हैं और अंधविश्वास फैलाने वाले होते हैं। इस तरह के लोग मानसिक उद्वेग से पीड़ित होते हैं। उन्हें अक्सर अलग-अलग तरह के सपने दिखाई देते हैं,

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कि ये एक तरह का पजेसिव सिंड्रोम है, जिसमें व्यक्ति को लगता है कि उसके ऊपर अदृश्य शक्ति सवार हो गई है और वे दूसरों की समस्या दूर कर सकते हैं। दूसरों के दुख-दर्द दूर कर सकते हैं। ऐसे लोगों के परिजनों को तुरंत मनोचिकित्सक को दिखाना चाहिए न कि झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ना चाहिए, क्योंकि ये चीजें आगे जाकर स्थायी मनोरोग में बदल सकती हैं।

ऐसे लोग समाज और परिवार के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये वैज्ञानिक युग है और अंधविश्वास पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

CMYK



# अमित एंड अमित कंपनी के किए गए निर्माण कार्यों की जांच

जांच

# क्या भाजपा सरकार में होगी?



## जहां इंजीनियर अमित वहां ठेकेदार अमित ने किया निर्माण कार्य...निर्माण की गुणवत्ता को लेकर आदिवासी विकास विभाग के अधिकारियों पर भी है सवाल?

## जितने भी आदिवासी बालक बालिका छात्रावास बने वहां की जांच हो जाए तो भ्रष्टाचार की पोल खुल जाएगी।

## अमित इंजीनियर व अमित ठेकेदार की जुगल जोड़ी के चर्चे घटिया निर्माण को लेकर जोरों पर अब सत्ता बदलते ही जांच की उठ रही मांग


## एक टेंडर को पांच बार निकाला और पांच बार कैंसिल किया फिर इंजीनियर अमित ने विभागीय काम ठेकेदार अमित से कराया

## ठेकेदार और इंजिनियर की भी पोल खुलने से नहीं किया जा सकता इंकार


घटती घटना | अम्बिकापुर, गुरुवार 14 दिसम्बर 2023 | 5

क्या नेताओं के साथ फोटो खिंचवाने के बाद ठेकेदार काम पाने के लिए फोटो को बनाते हैं अपना हथियार ?

-रवि सिंह-
कोरिया, 14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
कांग्रेस के राज में आदिवासी विकास विभाग कोरिया में खासकर कोरिया जिले में दो जुगल जोड़ी अमित चौधरी इंजीनियर व अमित विश्वास ठेकेदार काफी चर्चित जोड़ी रही और चर्चा भी किसी उम्दा कार्य के लिए नहीं बल्कि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर इनकी होती रही है, इनकी जुगल जोड़ी इसलिए भी मशहूर है क्योंकि जहां-जहां पर इंजीनियर अमित चौधरी हैं वहां वहां पर ठेकेदार अमित विश्वास ही निर्माण कार्य करेंगे ऐसा हम नहीं ऐसा लोग कहते हैं और ऐसा देखा भी गया है पूरे 5 सालों में, जनकपुर में लगभग कार्य ठेकेदार अमित विश्वास के विश्वास पर ही हुआ है पर इनके निर्माण पर कितना विश्वास किया जा सके यह जांच का विषय है कि इनका निर्माण कितना विश्वसनीय है? उनके नाम के आगे ही सिर्फ विश्वास है बाकी उनके काम पर लोगों को बिल्कुल भी विश्वास नहीं है जितने भी निर्माण कार्य में इन्होंने बिल्डिंग बनाई है सभी बिल्डिंग के गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं, वहीं पीएमजीएसवाई के इंजीनियर अपने आप को आदिवासी विकास विभाग में अटैच कराकर खूब निर्माण कार्य में दिलचस्पी दिखाते रहे हैं यहां तक की कहा जाए तो ठेकेदार के साथ उनकी पार्टनरशिप की भी चर्चाएं हैं कुछ टेंडर तो हुए पर टेंडर कैंसिल हुए और अंत में इंजीनियर अमित चौधरी ने स्वयं विभाग का काम बताकर ठेकेदार अमित विश्वास से काम करवाया है वह भी पार्टनरशिप में ऐसी जन चर्चा सुनी जाती रही है पांच सालों तक। आज अमित विश्वास का नाम इसलिए भी सुर्खियों में है क्योंकि यह ऐसे ठेकेदार हैं जो सत्ता के साथ जुड़ने में महारत रखते हैं। पहले यह भाजपा शासनकाल में काफी चर्चित थे और तब भाजपा के बैकुंठपुर विधायक और कैबिनेट मंत्री के करीबी बनकर यह ठेकेदारी करते थे उसके बाद जैसे ही सत्ता परिवर्तन हुआ यह पलटी मार गए और खुलेआम कांग्रेस नेताओं के करीबी हो गए यहां तक की यह कांग्रेस नेताओं के साथ कार्यक्रमों में भी पार्टी के नजर आने लगे थे पांच सालों तक।


कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला कोरिया (छ०ग०)

// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

### ठेकेदार साहब भरतपुर सोनहत के कांग्रेस विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में खुलकर प्रचार करते नजर आए...हार के बाद तत्काल बदल पाला

जैसा बताया जा रहा है जो सच भी है की इस बार के चुनाव में यह भरतपुर सोनहत के कांग्रेस विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में खुलकर प्रचार करते नजर आ रहे थे और कांग्रेस की सत्ता की वापसी के पक्षधर थे इन्हें भरतपुर सोनहत विधानसभा के उन क्षेत्रों में जिम्मेदारी मिली हुई थी जहां इनका निर्माण कार्य जारी था और वहां जाकर यह काफी मेहनत भी कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कर रहे थे लेकिन परिणाम भरतपुर सोनहत विधानसभा का भी कांग्रेस प्रत्याशी के विपरीत आया और वहीं कांग्रेस सत्ता से भी बेदखल हो गई। कांग्रेस सत्ता से बेदखल हुई वहीं भरतपुर सोनहत विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी जैसे ही चुनाव हार गए,अमित विश्वास तत्काल पाला बदल लिए और वह भाजपाई हो गए उन्होंने तत्काल एक पोस्ट सोशल मिडिया में की और वर्तमान मुख्यमंत्री चुने गए विष्णु देव साय के साथ पुरानी खिंचाई गई फोटो उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट कर दी और यह साबित करने में उन्होंने कहीं देर नहीं की वह भाजपा से जुड़े हुए हैं खासकर मुख्यमंत्री से सीधे सीधे। उनकी मुख्यमंत्री के साथ की तस्वीर सोशल मिडिया में पोस्ट किए जाने के पीछे की वजह यह मानी जाती है की वह स्थानीय विधायकों सहित स्थानीय नेताओं को यह जतलाना चाहते हैं की वह सीधे मुख्यमंत्री से खास हैं उन्हे अब निचले स्तर से कोई मतलब नहीं। खैर भले ही उन्होंने सत्ता परिवर्तन के बाद तत्काल पाला बदल लिया लेकिन अब उनके पांच सालों के दौरान किए गए निर्माण कार्यों की जांच की मांग की जा रही है और यह भाजपा के ही कुछ लोग कर रहे हैं जैसी सूचना मिल रही है क्योंकि भाजपा के ही कार्यकर्ता अब ऐसे लोगों को भाजपा में सामने नहीं देखना चाहते जो जिधर बम उधर हम वाली नीति अपनाते हैं और आर्थिक रूप से हमेशा आगे रहते हैं।

### क्या भाजपा सरकार में अमित विश्वास ठेकेदार सहित अमित चौधरी इंजिनियर के कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल के दौरान के निर्माण कार्यों की जांच होगी?

अमित विश्वास ठेकेदार सहित अमित चौधरी इंजीनियर की जोड़ी कोरिया जिले की मशहूर जोड़ी है। यह जोड़ी काफी लोकप्रिय इसलिए है क्योंकि यह एक दूसरे के साथ काफी सामंजस्य बनाकर काम करते हैं। यह जोड़ी कांग्रेस शासन काल में काफी निर्माण कार्य कर चुकी है और जिन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। अब सवाल यह है की क्या इनके कांग्रेस शासनकाल में किए गए उन निर्माण कार्यों की जांच होगी जिनके गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। गुणवत्ता को लेकर इस जोड़ी के निर्माण कार्यों की हमेशा चर्चा रही है। वैसे इस जोड़ी ने करोड़ों के काम किए हैं कांग्रेस शासन काल में और अब भाजपा का शासन है इसलिए इनके गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यों की जांच हो यह मांग उठ रही है।

### अमित एंड अमित कंपनी की तरह थी ठेकेदार इंजिनियर की जोड़ी

अमित चौधरी इंजिनियर साथ ही अमित विश्वास ठेकेदार की जोड़ी कंपनी की तरह काम करती थी। इसमें निर्माण कार्य का जिम्मा ठेकेदार का होता था और निर्माण कार्य प्रदान करने से लेकर उसे पूर्णता प्रमाण पत्र देने का जिम्मा इंजिनियर का होता था जो एक इकाई के रूप में काम करते थे।

### जांच होगी तो बड़े भ्रष्टाचार की खुलेगी पोल,सेटिंग से कैसे चल रही थी अमित एंड अमित कंपनी जानेंगे लोग

अमित विश्वास ठेकेदार साथ ही अमित चौधरी इंजिनियर के पांच सालों के दौरान के निर्माण कार्यों की जांच हुई तो बड़े भ्रष्टाचार की पोल खुल जाएगी,अमित विश्वास ठेकेदार साथ ही अमित चौधरी इंजिनियर कंपनी किस तरह शासकीय निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार कर रही थी किस तरह निर्माण कार्य हथिया रही थी यह लोग जान जाएंगे। अब देखना है जांच कैसे होती है कब होती है। वैसे बताया जाता है की कई काम बिना निविदा के भी अमित विश्वास को प्रदान किए गए थे जिसमे अमित चौधरी इंजिनियर का हांथ था संलिप्तता थी। निविदा रद्द कर कार्य को विभागीय घोषित कर अमित विश्वास को दिया जाता था और वह निर्माण कार्य बीना गुणवत्ता के किया करता था ऐसा बताया जाता है।

### भरतपुर सोनहत विधायक क्या लेंगी संज्ञान,ठेकेदार ने उनके विरुद्ध किया है कांग्रेस प्रत्याशी का प्रचार,क्या विधायक कराएंगी जांच

ठेकेदार अमित विश्वास भले ही नए मुख्यमंत्री के साथ सोशल मिडिया पर तस्वीर साझा कर सुर्खियां बटोर रहे हैं खुद को भाजपाई साबित कर रहे हैं लेकिन सच्चाई यह है की इन्होंने इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भरतपुर सोनहत के लिए काफी मेहनत की है उन्हे जीत दिलाने के लिए। ठेकेदार का अधिकांश काम भी भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में चल रहा था यह भी वजह थी कांग्रेस प्रत्याशी के लिए उनकी मेहनत के पीछे,ठेकेदार को काम मिलने के पीछे कांग्रेस विधायक का भी सहयोग रहा करता था। अब देखना यह है की क्या भरतपुर सोनहत क्षेत्र की वर्तमान में निर्वाचित विधायक ठेकेदार के द्वारा किए गए गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्यों की जांच कराती हैं या वह ठेकेदार के सोशल मिडिया पोस्ट से प्रभावित होती हैं जिसमे वह मुख्यमंत्री के साथ नजर आ रहे हैं। वैसे भरतपुर सोनहत से वर्तमान में निर्वाचित हुई भाजपा विधायक के चुनाव के दौरान किए गए वादों की बात करें तो वह जांच को लेकर जरूर कदम आगे बढ़ाएंगी यह तय नजर आ रहा है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश का हो रहा तत्काल पालन

-संवाददाता-
जशपुरनगर, 14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पत्थलगांव से कुनकुरी तक के सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण करते हुए सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पश्चात टीबीसीएल कंपनी के द्वारा पत्थलगांव से कुनकुरी सड़क निर्माण के कार्य को तेज़ी से किया जा रहा है। कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि झंडा घाट में पहाड़ की कटिंग का काम चल रहा है। बेला घाट में सीसी रोड का निर्माण पूरी



प्रगति से चल रहा है, जैसे घाट कटिंग का काम, मिट्टी का काम, जीएसबी का काम डी एल सी का काम एवं सीसी रोड का भी काम प्रगतिशील है।

## निधन समाचार

-संवाददाता-
कोरिया, 14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
अमहर ग्राम निवासी सेवानिवृत्त एस ई सी एल कर्मचारी रमाकांत शर्मा का इलाज के दौरान एम्स रायपुर में निधन हो गया। स्व रमाकांत शर्मा पटना क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे एवं वह सामाजिक रूप से भी काफी प्रसिद्ध थे। रमाकांत शर्मा का अंतिम संस्कार खैरी मुक्तिधाम में किया गया जहां उनके पुत्र दीपक शर्मा ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि प्रदान की। इस अवसर पर पटना बैकुंठपुर सलका क्षेत्र के काफी लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे और उन्हे अंतिम श्रद्धांजलि दी।



# सादगी,सरल और सौम्य से भरपूर विष्णुदेव ने सरगुजा अंचल का बढ़ाया मान

## विष्णुदेव साय ने भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए मुख्यमंत्री पद की ली शपथ

## कोरियावासियो में साय के मुख्यमंत्री बनने पर जबरदस्त उत्साह

## नगर पालिका परिसर बैकुंठपुर में प्रोजेक्टर के माध्यम से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया






-संवाददाता-
कोरिया, 14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।
59 साल 9 महीना 22 दिन की उम्र में सरगुजा सम्भाग के जशपुर जिले के ग्राम बगिया के लाड़ले बेटे विष्णुदेव साय ने आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरिमामय उपस्थिति में छत्तीसगढ़ की राजधानी, रायपुर में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पिता राम प्रसाद साय और माता श्रीमती जशमनी देवी के बड़े सुपुत्र विष्णु देव साय एक जमीनी नेता है। पंच, सरपंच, सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री रहे अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रुप में अपनी नई पारी की शुरुआत कर रहे हैं। वैसे तो श्री साय बेहद मिलनसार, सादगी से भरपूर, सरल व्यक्तित्त्व के धनी और सौम्य से भरपूर है, लेकिन उनके दिमाग में इस बात की जुनून भी है कि भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए जी जान से जुटना है। ऊर्जा से लबरेज श्री साय देश व प्रदेश के विकास के लिए एक रोड मैप तैयार कर आगे बढ़ने पर विश्वास करते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के बल पर मुख्यमंत्री श्री साय आगे बढ़ने पर विश्वास करते हैं, उनकी मंशा के अनुरूप सबसे आखिरी पंक्ति के आखिरी व्यक्ति को सरकार की हर जनहितकारी निर्णय का लाभ उन्हें पहले मिले।

बता दें ग्रामीण जीवन शैली में रहने व जीने वाले मुख्यमंत्री श्री साय के साथ छाया की तरह उनके हर सुख-दुःख में सहभागी पत्नी श्रीमती कौशल्या देवी भी बेहद सादगी से रहती हैं। कोरियावासियो को इस बात की बड़ी फक्र है कि राज्य गठन के बाद पहली बार सरगुजा अंचल से आदिवासी समुदाय से आने वाले साय जी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने हैं। बैकुंठपुर निवासी अशोक जयसवाल का कहना है कि आदिवासी अंचल ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचल खासकर कोरिया सहित सरगुजा सम्भाग के विकास में और तेजी आएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ के जन-जन और बस्तर से सरगुजा व मोहला-मानपुर से लेकर रायगढ़ तक के बारे में बहुत ही नजदीक से जानकारी रखते हैं, ऐसे में आदिवासी अंचल हो या अनुसूचित जनजाति क्षेत्र या अनुसूचित जातियों के विकास हो या फिर अन्यवर्ग के विकास हो या अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करना हो, निश्चय ही नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय केंद्रीय योजनाओं और राज्य सरकार की नीतियों के बल पर प्रदेश को एक नई पहचान दिलाने में सफल होंगे।

### बहुत खुशी महसूस हो रही

श्रीमती ललिता खलखो का कहना है कि हमें बहुत खुशी महसूस हो रही है कि श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री बने हैं। वे दूरस्थ जशपुर अंचल से आते हैं ऐसे में सरगुजा सम्भाग सहित सभी अंचल का विकास अब तेजी से होगा।

### अंचल के लोगों को मिलेगा रोजगार

कॉलेज में पढ़ाई कर रहे आकाश सिंह ने कहा कि अब श्री साय जी मुख्यमंत्री बन गए हैं, ऐसे में हमारे अंचल के लोगों को रोजगार मिलेगा व इस अंचल में बड़े कारखाने लगाने के लिए जरूर पहल करेंगे।

### गाँवों के विकास के लिए जरूर कुछ नया करेंगे

किसान मुसाफिर सिंह ने कहा कि श्री साय जी गांव, देहात को जानते समझते हैं, वे गाँवों के विकास के लिए जरूर कुछ नया करेंगे, किसानों के हित में बड़े निर्णय भी लेंगे। आदिवासियों के बेहतरी के लिए भी अनेक बड़े कदम उठाएंगे।

# क्या प्रतीक्षारत जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया...अधिकारियों और नेताओं को गुलदस्ता देकर ले लेंगे मनचाहा जिले का प्रभार?

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने हटाया थे पद से अब दोबारा पद पाने के लिए लगा रहे नेताओं और अधिकारियों के पास दौड़

## जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार पाने के लिए लगा रहे हैं कलेक्टर से लेकर भाजपा नेताओं तक की दौड़

-रवि सिंह-
कोरिया,14 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में भी चुनाव पश्चात आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई है और अब विभागीय कार्य शासकीय कार्य गति पकड़ने लगे हैं और अधिकारी भी अब अपने प्रभाव अधिकार का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। आदर्श आचार संहिता जो विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान लगी हुई थी के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कई ऐसी कार्यवाहियां की थीं जो उन सूचनाओं और शिकायतों के आधार पर हुई थीं जिसमें किसी अधिकारी या कर्मचारी की या तो गलती पाई गई थी या ऐसी कोई सूचना मिली थी जिसमें किसी अधिकारी कर्मचारी के कारण चुनाव प्रभावित होने का कोई अंदेशा था। ऐसी ही एक कार्यवाही तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया पर हुई थी जो महज दो चार दिन पूर्व ही आचार संहिता के पूर्व कार्यभार ग्रहण किए थे जिनको लेकर घटती घटना ने ही खबर प्रकाशित की थी की वह वर्तमान जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी कोरिया के भतीजे हैं और ऐसे में उनके जिला शिक्षा अधिकारी रहते हुए चुनाव प्रभावित होने का अंदेशा है और चूंकि शिक्षा विभाग में कर्मचारियों की संख्या भी अधिक है इसलिए उनकी पदस्थापना फिलहाल चुनाव प्रभावित करने के उद्देश्य से की गई है। घटती-घटना की खबर पर तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान लिया था और उन्हे चुनाव संपन्न होने तक पद से पृथक कर जिला समन्वयक समग्र शिक्षा को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौप दिया था। अब आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही प्रतीक्षारत जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता प्रभार पाने के लिए प्रयासरत नजर आ रहे हैं और वह नेताओं सहित अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहे हैं। गुलदस्ता लेकर वह लगातार खुद के प्रभार के लिए खुद प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

### दैनिक घटती-घटना खबर का असरःहटाए गए जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया


गृह जिले कोरिया के बने जिला शिक्षा अधिकारी?
निर्वाचन प्रभावित करने की आशंका घटती-घटना ने की थी जाहिर
निर्वाचन संपन्न होने तक जिला शिक्षा अधिकारी पद कोरिया की जिम्मेदारी संभालेंगे संजय सिंह
डीएमसी समग्र शिक्षा पद पर कोरिया में पदस्थ हैं संजय सिंह
-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,14 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।
इकलौते विकासखंड शिक्षा अधिकारी जिन्हे मिला था जिला शिक्षा अधिकारी का पद




### गुलदस्ता लेकर नेताओं और अधिकारियों के चक्कर काट रहेः सूत्र

वैसे भी सामने लोकसभा चुनाव है और लोकसभा चुनाव में भी आदर्श आचार संहिता प्रभावी होगी और फिर उन्हे हो सकता है की प्रभार से हटाना पड़े ऐसे में क्या कलेक्टर कोरिया उन्हे वर्तमान में प्रभार देने का विचार करते हैं या वह इस संबंध में शासन से कोई दिशा निर्देश लेते हैं। कोरिया जिले में शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी फिलहाल डी एम सी समग्र शिक्षा संजय सिंह सम्हाल रहे हैं और वह दो दो जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वैसे प्रतीक्षारत जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता गृह जिले का होने के कारण स्थानीय नेताओं का भी सहारा ले रहे हैं जैसा बताया जा रहा है। वह गुलदस्ता लेकर नेताओं और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं जिससे उन्हे जल्द प्रभार मिल सके।

### गृह जिले के निवासी साथ ही राजनीतिक परिवार से आने वाले किसी व्यक्ति को जिला शिक्षा अधिकारी का न मिले प्रभार ऐसा होना शिक्षा विभाग के लिए जरूरी

प्रतीक्षारत जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया कोरिया जिले के ही मूल निवासी हैं,शिक्षा विभाग में उनके परिवार के ही कई लोग कार्यरत भी हैं,वहीं उनका परिवार राजनीतिक दल से सीधा जुड़ाव रखता है ऐसे में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय जिम्मेदारी ऐसे किसी व्यक्ति को न मिले ऐसा शिक्षा विभाग के लिए जरूरी माना जा रहा है। राजनीतिक परिवार से जुड़े होने की वजह से शिक्षा विभाग में भी राजनीतिक हस्तक्षेप की संभावना बनी रहेगी साथ ही लगातार खींचतान की स्थिति निर्मित होगी जो विभाग के लिए उचित नहीं होगा ऐसा जानकारों का मानना है।

### जल्द प्रभार पाने की फिराक में...

बताया जा रहा है की वह जल्द प्रभार पाने की फिराक में लगे हुए हैं क्योंकि उन्हे अंदेशा है की उनकी पदस्थापना अस्थाई है और उन्हे नई सरकार के गठन उपरांत प्रभार मिलेगा भी या नहीं यह उन्हे संशय है इसलिए वह पूरी जोर आजमाइश कर रहे हैं। वैसे उनकी जोर आजमाइश कितनी कारगर होगी यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन माना जा रहा है की उनके परिवार का सीधा नाता राजनीतिक दल से है वहीं उनके परिवार के कई सदस्य जिले में ही शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं वहीं कोरिया जिला उनका गृह जिला भी है ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया के पद पर उनकी पदस्थापना कितनी देर तक स्थिर रहेगी यह कहा नहीं जा सकता।

# ट्रेलर वाहन चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का हुआ पर्दाफाश

-संवाददाता-
कोरबा,14 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।



जिले चौकी क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 6 दिसम्बर 2023 को प्रार्थी मोह0 मंसूर अंसारी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 3 दिसम्बर को रात्रि करीब 9.30 बजे से दिनांक 4 दिसम्बर के सुबह 6.00 बजे के मध्य टीपी नगर महिंद्रा शोरूम के सामने रोड किनारे से कोई अज्ञात व्यक्ति इसके पुराना ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 एस 1305 जिसका इंजन नंबर 11E63136622 एवं चेचिस नंबर MAT44721283E13371 जिसे चोरी कर ले गया है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध कमांक 545/2023 धारा 379 भा.द.वि.पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया,यहां उल्लेख करना लाजमी है के जिले के अन्य थाना दर्री में अपराध क्रमांक 132/23 धारा 379 भादवि, थाना दीपका का अपराध क्रमांक 408/23 धारा 379 भादवि दर्ज है मामले की कायमी के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के पर्यवेक्षण मे तत्काल त्वरित कार्यवाही करने व अज्ञात आरोपी की धरपकड़ हेतु चौकी प्रभारी सीएसइबी उप निरी. नवीन पटेल एवं सायबर सेल प्रभारी सउनि. अजय सोनवानी एवम साईबर सेल कोरबा टीम को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में चौकी सीएसइबी एवं साइबर सेल टीम कोरबा के द्वारा घटनास्थल का बारीकी से अवलोकन कर आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाले जाने पर संदिग्धों के पता चलने पर साइबर सेल टीम के सहयोग से संदिग्ध आरोपीगण की पतासाजी किया गया,जिस पर मुख्य आरोपी भोलेष पाल पिता जगदीश प्रसाद जाति गढ़रिया उम्र 25 साल सा0 हास्पिटल रोड दर्राखांचा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा (छ0ग0) तथा उसके सहयोगी साथियों विनोद कुमार आदित्य पिता शिवकुमार जाति कहरा उम्र 35 साल सा0 कहरापारा बलौदा थाना बलौदा जिला जांजगीर-चाम्पा (छ0ग0), संदीप कुमार राय पिता तुलसी राय जाति सतनामी उम्र 28 साल सा0 बाजारपारा बलौदा थाना बलौदा जिला जांजगीर-चाम्पा (छ0ग0) एवं किर्ती कुमार शर्मा उर्फ यश पिता विजय कुमार शर्मा उम्र 28 साल सा0 खिसोरा थाना बलौदा जिला जांजगीर-चाम्पा (छ0ग0) हाल मुकाम वार्ड नं. 52 अशोकनगर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ करने पर टीपी नगर कोरबा से ट्रेलर कमांक सीजी 12 एस 1837 को दिनांक 22.02.23 एवं ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 1305 को दिनांक 03.12.23 को स्याहीमुड़ी, दर्री से दिनांक 13.02.23 को ट्रेलर कमांक सीजी 22 एसी 6619 व एसीबी कोल वाशरी के सामने दीपका से दिनांक 26.11.23 को ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 6013 को चोरी कर गाजी खान तथा राशिद खान उर्फ बाबू निवासी सरोरा बस्ती उरला जिला रायपुर के पास बिक्री करना बताया, जिसके आधार पर वाहन खरीददार गाजी खान पिता सबीर खान उम्र 44 साल सा0 नयापारा फूल चौक वार्ड नं. 49 थाना गोलबाजार जिला रायपुर व राशिद खान उर्फ बाबू पिता मोहम्मद खान उम्र 51 साल सा0 गाजीनगर बिरगांव वार्ड क्रमांक 30 रायपुर थाना उरला जिला रायपुर को पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपियों से 04 ट्रेलर वाहन क्रय करना स्वीकार किया गया तथा सभी ट्रेलर वाहनों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर अपने परिचित एक अन्य कबाड़ व्यवसायी के पास बिकी कर देना बताया गया । मामले में साक्ष्य के आधार पर आरोपियों से पृथक-पृथक कुल 07 नग मोबाईल फोन, 01 नग देशी कट्टा, नगदी रकम 50000/-, 02 नग मोटर सायकल, 01 नग बोलेरो वाहन तथा प्रार्थी मंसूर अंसारी के वाहन के कुछ पार्ट्स बरामद कर जप्त किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध धारा 379,120 (बी), 201,34,411,413 भा.द.वि. 25 आर्म्स एक्ट के तहत दिनांक 14.12.2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय कोरबा न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, साथ ही पुलिस थाना दर्री एवं दीपका जिला कोरबा को वैधानिक कार्यवाही करने हेतु सूचना दिया गया है तथा वाहन खरीददार 01 अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है, जिसे जल्द ही प्रकरण में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जावेगा। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी सीएसईबी उप. निरी. नवीन पटेल, सउनि छेदीलाल जाटवर, प्रआर, सुधांशु शर्मा, उदय सिंह आरक्षक देवनारायण कुर्रे, विनोद तिवारी, गोपीराम दिव्य, पुरुषोत्तम मुखर्जी, सुरज खरे, लखन लाल रात्रे एवं साईबर सेल कोरबा टीम से स.उ.नि. अजय सोनवानी, प्र.आर. गुनाराम सिन्हा, राजेश कंवर, चन्द्रशेखर पाण्डेय आरक्षक डेमन ओग्रे, विरकेश्वर सिंह, प्रशांत सिंह, रितेश शर्मा, आलोक टोप्पो, रवि चौबे, रामू कुर्मी , महिला आरक्षक रेनु टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही है।

# जशपुर की बेटी ने गोल्फ खेल विद्यालय सहित जिले का बढ़ाया मान

-संवाददाता-
जशपुर 14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जशपुर जिले में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इस बात को उजागर करती है बगीचा ब्लॉक की ग्राम बम्बा निवासी गोल्फ खिलाड़ी कुमारी वंदना मिंज पिता रामानुश मिंज जिन्होंने कम समय में ही जशपुर जिले का नाम पूरे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। आज कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल से मिलकर कुमार वंदना मिंज ने अपनी उपलब्धियों को साझा किया। कलेक्टर श्री मित्तल ने जिले का नाम पूरे देश भर में रौशन करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले की बेटी प्रदेश नहीं अपितु पूरे देश से बाहर जाकर अपने प्रतिभा का जौहर दिखा रही है। कुमारी वंदना मिंज ने बताया कि उन्होंने हाल ही में गोवा में 01 से 03 नवम्बर 2023 तक आयोजित नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स डबल इवेंट में तीन राउण्ड चले इस प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया है। जो कि जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उहोंने बताया कि विगत दिवस 13 से 15 अगस्त 2023 को थाईलैण्ड में आयोजित ओपन गोल्फ अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें उन्होंने भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विजेता बनी।




# 60 परिवारों एवं जरूरतमंदों लोगों को किया गया कंबल वितरण


-संवाददाता-
प्रतापपुर,14 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।



ग्रामीण अंचलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ग्रामीण अलाव जलाकर ठंड से बचने का सहारा ले रहे है । इस बार तो बदलते मौसम में ठंड और भी बढ़ने वाली है। रमकोला जैसे घने जंगल के बीच बसे भेलकछ ग्राम में बहुत तेज हवा के साथ अत्यंत ठंड है। इसी कड़ी में आज अपने सामाजिक उत्तर दायित्व और सरोकार को ध्यान में रखते हुए शिक्षिका व समाज सेविका प्रतिमा सिंह ने प्रतापपुर के पूर्व बीएमओ स्व डॉ नरेंद्र सिंह की स्मृति में आदिवासी जनजाति बाहुल्य ग्राम भेलकछ में 60 परिवारों को, जरूरतमंदो लोगों को कंबल एवम छोटे बच्चों को चाकलेट वितरण किया गया। मुझे लगता है उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने कमाई का कुछ अंश जरूरतमंद लोगों के सहयोग में लगाना चाहिए। स्व डॉ नरेंद्र सिंह के शासकीय चिकित्सा सेवा की शुरुआत घुई रमकोला की धरती पर हुई थी वहां के ग्रामीण जनों द्वारा अपार प्रेम और आशीर्वाद प्राप्त हुआ साथ ही अपने पुराने परिचितों से मिलकर अनंत आनंद की अनुभूति हुई। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# प्रदेश मुखिया पर हार का ठीकरा फोड़ने वाले पूर्व विधायक जयसिंह को मिला नोटिस

-संवाददाता-
कोरबा,14 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।



प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में करारी हार मिलने के बाद से कांग्रेस पार्टी में आपसी अंदरूनी क्लेश थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई बड़े नेताओं के द्वारा एक-दूसरे पर आरोप लगाने का क्रम जारी है। गलत बयानबाजी पर अंकुश लगाने के लिए अब पीसीसी ऐसे नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर रहे है, जिन्होंने सार्वजनिक तौर से पार्टी के उच्च अधिकारियों के खिलाफ बयानबाजी किए है। इसी क्रम में अब पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पर पीसीसी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने नोटिस जारी किया है। पीसीसी ने यह नोटिस प्रदेश मुख्या पर सार्वजनिक बयानबाजी करने पर भेजा है। जिस पर तीन दिनों के भीतर उक्त नोटिस पर अमल करने का निर्देश देते हुए जयसिंह अग्रवाल से मांगा गया है जवाब। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में बड़े अंतर से जीतने का दावा करने वाले कांग्रेस सरकार में रहे पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा से बड़े अंतर से भाजपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए थे। इस हार के बाद मीडिया से चर्चा करने के दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हार का ठीकरा फोड़ते हुए अनेक आरोप लगाए थे ,जिस पर पीसीसी महामंत्री ने उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किया है ।

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)

### नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी/जलाऊ/बांस को निम्नलिखित तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व काष्ठागार में रखी काष्ठ का भली भांति अवलोकन कर लेवें। नीलाम में संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में रखी काष्ठ की वास्तविक मात्रा अधिसूचित मात्रा से भिन्न हो सकती है :-

**नीलाम स्थान-काष्ठागार वाड्रफनगर**
**नीलाम दिनांक व समय -27.12.2023 प्रातः 09:30 बजे से**

| क्र0 | वनोपज का विवरण | नया काष्ठ | | पुराना काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| | | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग |
| 1 | 2 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| A | इमारती काष्ठ | | | | |
| 1 | सागौन | 1.016 | 5 | 136.195 | 3379 |
| 2 | साल | 139.770 | 892 | 284.133 | 730 |
| 3 | साजा | 0.165 | 147 | 3.629 | 18 |
| 4 | बीजा, शीशम, खम्हार | 0.175 | - | 0.631 | 3 |
| 5 | हल्दु, मुडी,बांसा | 0.405 | - | - | 1 |
| 6 | धावड़ा | 1.703 | 99 | 2.018 | 16 |
| 7 | अन्य,नीलगिरी | 0.108 | 50 | 19.578 | 27 |
| 8 | सलया | - | - | - | - |
| 9 | खैर काष्ठ | - | - | - | - |
| | योग :- | 143.342 | 1193 | 446.184 | 4174 |

| क्र. | प्रजाति विवरण | | |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी0 x1.25 x0.80 मी0 | 232.5 चट्टा | काष्ठागार वाड्रफनगर |
| 2 | सागौन जलाऊ 2.00 मी0 x1.25 x1 मी0 | 35 चट्टा | निस्तार डिपो राजपुर |
| 3 | बांस | 680 नग | काष्ठागार वाड्रफनगर |

टीपः- क्रेता को पैन एवं टिन नम्बर तथा रजिस्ट्रेशन वर्ष 2023 एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नंबर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

जी नंबर-06346/2

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, सूरजपुर, जिला सूरजपुर,छ0ग0

रा0प्र0क्र0-202312262000001/अ-6/2023-24

### ईश्तहार

आगामी तिथि:-05/01/2024

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक भीमसेन अग्रवाल आ0 स्व0 पोलूराम, उम्र 55 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 07, भैयाथान रोड, नगर सूरजपुर थाना व तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ0ग0 व अन्य 01 के द्वारा नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नंबर 1834/2 वर्गफुट है। खसरा नंबर 1835 व 2913 रकबा 17 1/2 x290 व.फि. तथा 1834 में से रकबा 2 3/4 x290 व.फी., जो नजूल अभिलेख में आवेदकगण की माता बहूती देवी पति भोलूराम के नाम पर दर्ज है, उक्त वादभूमि को आवेदकगण के द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 07.04.2012 के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा /अथवा आपत्ति हो तो वे स्वयं अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 05/01/2024 को न्यायालीन अवधि दोपहर 03.00 बजे उपस्तिथ होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

सील
नजूल अधिकारी
सूरजपुर

CMYK

# पुजारा काउंटी सीजन में ससेक्स के लिए खेलेंगे

» ससेक्स के लिए उनका तीसरा सीजन

» अफ्रीका दौरे में टीम इंडिया से हैं ड्रॉप

**चेन्नई,14 दिसम्बर 2023।** चेतेश्वर पुजारा 2024 के काउंटी सीजन में ससेक्स की टीम से खेलेंगे। उन्होंने काउंटी के शुरुआती 7 मैचों के लिए ससेक्स से करार किया है। ससेक्स ने दूसरे विदेशी खिलाड़ी के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेनियल ह्यूज को भी टीम में शामिल किया है। पुजारा का काउंटी में ससेक्स के लिए तीसरा सीजन है। पुजारा ने अब तक ससेक्स के लिए 18 चैंपियनशिप मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 64.24 की औसत से 1,863 रन बनाए हैं।

उन्होंने इस दौरान आठ शतक और तीन अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं डर्बीशायर के खिलाफ 2022 में काउंटी में अपना सर्वोच्च स्कोर 231 रन बनाया था। उन्होंने टॉम हैन्स के साथ 351 रनों की साझेदारी की थी। 2023 में ससेक्स के लिए पुजारा का उच्चतम स्कोर 151 रन था। यह पारी उन्होंने ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ खेली थी, जिसमें 20 चौके और दो छक्के शामिल थे।

पुजारा ने एक बयान में कहा, मैंने पिछले सीजन में होव में काफी काफी बढ़िया समय बिताया है। ससेक्स परिवार के साथ एक बार फिर से जुड़ना काफी अच्छा अनुभव है। मैं टीम में शामिल होने और इसकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।



### ससेक्स के मुख्य कोच ने पुजारा को बेहतर इंसान बताया

ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने कहा, मुझे खुशी है कि चेतेश्वर सीजन के पहले दो महीनों के लिए फिर से होव लौट रहे हैं। वह न केवल एक अच्छे खिलाड़ी हैं बल्कि बेहतर इंसान भी हैं। उनका अनुभव हमारी टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

### साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट में नहीं चुना गया है

पुजारा को साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम में जगह नहीं दी गई है। भारतीय टीम को साउथ अफ्रीके दौरे की आखिरी में तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में चेतेश्वर पुजारा को स्कॉयड में शामिल नहीं किया गया है। पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में जून में खिलाफ खेला था।

### पुजारा का इंटरनेशनल क्रिकेट करियर

35 वर्षीय दाएं हाथ के बैटर चेतेश्वर पुजारा ने आखिरी बार जून 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था। वह पहली पारी में 14 और दूसरी पारी में 27 रन ही बना सके थे। उन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से कुल 7195 रन बनाए हैं, जिसमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 206 रन है। इसके अलावा उन्होंने 5 वनडे में 51 रन बनाए हैं।



## फीफा:पुरस्कारों की सूची में शामिल चैम्पियंस लीग विजेता कोच गार्डियोना और गिराल्डेज

**मैनचेस्टर,14 दिसम्बर 2023।** चैम्पियंस लीग विजेता कोच पेप गार्डियोला और जोनाटन गिराल्डेज को फीफा के 2023 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार के लिए जारी अंतिम सूची में शामिल किया गया। गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सत्र में तीन ट्राफियां दिलायी थीं।वह पुरुष फुटबॉल में फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार के लिए सिमोन इंजाघी और लुसियानो स्पालेटी के साथ तीन उम्मीदवारों में शामिल हैं। गिराल्डेज महिला फुटबॉल में सर्वश्रेष्ठ कोच के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग जीती और फिर सेमीफाइनल में चेल्सी को हराकर यूरोपीय खिताब जीता था।

## अय्यर संभालेंगे केकेआर की कप्तानी,नितीश राणा होंगे उपकप्तान

**नई दिल्ली,14 दिसम्बर 2023।** केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने घोषणा करते हुए कहा कि श्रेयस अय्यर टीम के कप्तान बने रहेंगे जबकि नितीश राणा उपकप्तान होंगे। आईपीएल के पिछले सीजन में श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के कारण नितीश को कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान बनाया गया था। वहीं केकेआर के सीईओ ने कहा है कि, ये वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण था कि श्रेयस अय्यर चोट के कारण आईपीएल 2023 से चूक गए। हमें खुशी है कि वह वापस आ गए हैं और कप्तान के रूप में फिर से चुन रहे हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की है और जिस तरह का फॉर्म उन्होंने दिखाया है, वह उनके चरित्र का प्रमाण है। हम इस बात के लिए आभारी हैं कि नीतीश पिछले सीजन में अय्यर की जगह लेने के लिए सहमत हुए थे और उन्होंने शानदार काम किया।



इसमें कोई संदेह नहीं है कि उपकप्तान के रूप में नीतीश केकेआर को हर संभव समर्थन देंगे। वहीं इस पर श्रेयस अय्यर ने कहा कि मेरा मानना है कि पिछले सीजन में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। जिसमें चोट के कारण मेरी अनुपस्थिति भी शामिल थी। नीतिश ने न केवल मेरे लिए बल्कि अपने सराहनीय नेतृत्व से भी बहुत अच्छा काम किया। मुझे खुशी है कि केकेआर ने उन्हें उपकप्तान बनाया है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनसे नेतृत्व और मजबूत होगा।

# पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 घोषित

**पर्थ,14 दिसम्बर 2023।** ऑस्ट्रेलिया ने यहां आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के शुरुआती मैच में पाकिस्तान से भिड़ने वाली टीम की घोषणा कर दी है। उम्मीद के मुताबिक पैट कमिंस ने गर्मियों के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। हालांकि, इस दौरान ऑस्ट्रेलिया टीम के उप-कप्तान के रूप में ट्रैविस हेड की नियुक्ति ने सबको हैरान जरूर किया। वह वर्तमान डिप्टी स्टीव स्मिथ के साथ टीम के सह-उप-कप्तान होंगे।

हेड का यह प्रमोशन उनकी क्षमताओं में विश्वास को दर्शाता है, जिसने उन्हें हाल ही में आईसीसी विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में बैक-टू-बैक मैच विजेता प्रदर्शन करने में मदद की।

इन दोनों मैचों में अपनी वापसी के लिए उन्होंने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती।



इनके अलावा, स्पिनर नाथन लियोन साथी मर्फी के लिए प्लेइंग इलेवन में वापस आए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया इलेवन में एकमात्र बदलाव है।

ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख स्पिनर लियोन जून में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पिंडली में चोट लगने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से चूक गए थे।

हालांकि, उन्होंने हाल के महीनों में घरेलू क्रिकेट में वापसी की है और न्यू साउथ वेल्स के लिए मार्श कप और शेफ़ील्ड शील्ड में भाग लिया है।

उम्मीद के मुताबिक डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा पारी की शुरुआत करेंगे। एक मजबूत मध्यक्रम में मार्नस लाबुशेन, स्मिथ और हेड शामिल होंगे। मिचेल मार्श ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे जिन्हें कैमरून ग्रीन पर तरजीह दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट विश्व कप अभियान के लिए जोश इंग्लिस को प्राथमिकता दिए जाने के बाद एलेक्स कैरी लाल गेंद वाले क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए वापसी कर रहे हैं।

मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड तेज गेंदबाजी तिकड़ी होंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवनः डेविड वार्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस (कप्तान), नाथन लियोन, जोश हेजलवुड

## उच्च न्यायालय ने राजस्थान रॉयल्स आईपीएल टीम मालिकों पर जुर्माने की कटौती बरकरार रखी

**मुम्बई,14 दिसम्बर 2023।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के मालिकों पर कथित वित्तीय अनियमितताओं के लिए लगाये गये जुर्माने को कम करने के एक न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा है। न्यायाधिकरण ने जुर्माने की 98 करोड़ रुपये की राशि को घटाकर 15 करोड़ रुपये करने का आदेश पारित किया था। न्यायमूर्ति के आर श्रीराम और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर की गयी अपील को खारिज कर दिया जिसमें उसने 11 जुलाई 2019 को न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि न्यायाधिकरण सबूत और विश्लेषण के आधार पर ही इस राशि को घटाने के निष्कर्ष पर पहुंचा है।अदालत ने अपने आदेश में कहा, ''ये निष्कर्ष भ्रष्ट होने से कोसों दूर हैं। इसलिये मामले में कानून का सवाल ही पैदा नहीं होता। हमने देखा कि विशेष निदेशक (ईडी) द्वारा अधिकतम जुर्माना लगाने की कोई वजह दर्ज नहीं की गयी है जबकि न्यायाधिकरण ने संबंधित दस्तावेज पर विचार करने के बाद हस्तक्षेप किया और यह जुर्माना कम किया है।''पीठ ने कहा कि वह न्यायाधिकरण के फैसले से सहमत है और उन्हें न्यायाधिकरण के तर्क और निष्कर्ष के विकृत होने जैसा कुछ नहीं मिला। ईडी ने 2013 में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के अंतर्गत अपनी शुरूआती जांच में कथित अनियमितताओं का खुलासा होने के बाद राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी टीम के मालिकों पर 98.35 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। टीम के मालिकों ने इसके खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष अपील दायर की जिसने प्रवर्तन निदेशालय के आदेश को अनुचित ठहराया और जुर्माने की इस राशि को घटाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया।

## चैम्पियन लीग में पेरिस संत जर्मन का कमाल

» राउंड 16 में बनाई जगह,

» पोर्तो ने नॉकाउट में पाया स्थान



**जिनेवा,14 दिसम्बर 2023।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने ग्रुप एफ में बोरूसिया डोर्टमंड से 1-1 के ड्रा के बावजूद चैम्पियंस लीग के नॉकआउट में जगह बनायी जिसमें न्यूकासल की हार का अहम योगदान रहा। पीएसजी ने ग्रुप एफ में शीर्ष पर रहे बोरूसिया डोर्टमंड से ड्रा के बावजूद दूसरा स्थान हासिल करने में सफलता हासिल की क्योंकि न्यूकासल की टीम घरेलू मैदान पर एसी मिलान से 1-2 से हार गयी।

पोर्टो ने भी शखतर दोनेतस्क पर 5-3 की जीत से राउंड 16 में प्रवेश किया क्योंकि उसे ऐसा करने के लिए जीत की दरकार थी। बोरूसिया डोर्टमंड ने करीम एडेयेमी के 51वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त बनायी जिसके बाद 17 वर्षीय वारेन जायर एमेरी ने 56वें मिनट में पीएसजी के लिए बराबरी गोल दागा।

न्यूकासल ने 33वें मिनट में जोलिंटन की मदद से बढ़त बना ली थी फिर एसी मिलान ने क्रिस्टियन पुलिसिच के 59वें मिनट में किये गोल से बराबरी हासिल कर सैमुअल चुकवुएजे (84वें मिनट) के गोल से जीत दर्ज की। न्यूकासल इस हार के बाद मैनचेस्टर यूनाईटेड की तरह घरेलू मैदान में हारकर बाहर हो गया अंतिम 16 का ड्रा सोमवार को यूएफा मुख्यालय में होगा जिसमें आठ पूर्व चैम्पियन क्लब शामिल हैं। राउंड 16 में जगह बनाने वाले वरीय क्लब आर्सेनल, एटलेटिको मैड्रिड, बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख, बोरूसिया डोर्टमंड, गत चैम्पियन मैनचेस्टर यूनाईटेड, रिया मैड्रिड, रियाल सोसिडाड हैं जबकि गैर वरीय क्लबों में कोपेनहेगन, इंटर मिलान, लाजियो, आरबी लेपजिग, नापोली, पेरिस सेंट जर्मेन, पोर्टो और पीएसवी एंधोवेन शामिल हैं।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी खेल रत्न पुरस्कार के लिए हुई नामांकित

**नई दिल्ली,14 दिसम्बर 2023।** वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जबकि पुरुष बैडमिंटन युगल जोड़ी सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। 33 साल के तेज गेंदबाज शमी ने वनडे वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया. उस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। खेल मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शमी का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष अनुरोध किया है। इससे पहले उनका नाम देश के दूसरे सबसे बड़े खेल पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं था. शमी ने वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए. उन्होंने सिर्फ सात मैचों में 24 विकेट लिए. पहले चार गेम गंवाने के बाद शमी ने मिले हर मौके का पूरा फायदा उठाया। वह अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज में खेल सकते हैं.।

शमी के अलावा 16 अन्य खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। इनमें



हॉकी खिलाड़ी कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू, तीरंदाज ओजस प्रवीण देवताले और अदिति गोपीचंद स्वामी, मुक्केबाज मोहम्मद खुसामुद्दीन, शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली, गोल्फर दीक्षा डागर, निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, पहलवान अनंत पंगाल और टेनिस खिलाड़ी एहिका मुखर्जी शामिल हैं। . गणेश प्रभाकरन (मल्लखंब), महावीर सैनी (पैरालंपिक तैराकी), ललित कुमार (कुश्ती), आर.बी. रमेश (शतरंज) और शिवेंद्र सिंह (हॉकी) को द्रोणाचार्य कोचिंग पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। कविता (कबड्डी), मंजूषा कंवर (बैडमिंटन) और विनीत कुमार शर्मा (हॉकी) को ध्यानचंद लाइफटाइम पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। खेल मंत्रालय ने इस साल मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार पर निर्णय लेने के लिए 12 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए.एम. कर रहे हैं। खानविलकर. उनके अलावा समिति में हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै, पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी कमलेश मेहता, पूर्व मुक्केबाज अखिल कुमार, निशानेबाज और वर्तमान राष्ट्रीय टीम कोच शुमा शिरूर, पूर्व क्रिकेटर अंजुम चोपड़ा, बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुर्गुंडे और पावरलिफ्टर फरमान पाशा भी शामिल हैं।

## जोश बोहनोन बॉल मल्टी-डे मैचों में इंग्लैंड लायंस की कप्तानी करेंगे

**लंदन,14 दिसम्बर 2023।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की है कि जोश बोहनोन भारत दौरे पर इंग्लैंड लायंस की कप्तानी करेंगे, जो देश में सीनियर पुरुष टीम की पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के साथ मेल खाता है। बोहनोन ने पिछली गर्मियों में चार शतकों के साथ 59.85 की औसत से 1257 रन बनाकर काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन वन रन-स्कोरिंग चार्ट का नेतृत्व किया। वह 15 सदस्यीय इंग्लैंड लायंस टीम की कप्तानी करेंगे, जो जनवरी और फरवरी 2024 में अहमदाबाद में चार रेड-बॉल मल्टी-डे मैच खेलेंगे।

टीम में युवा बल्लेबाज जेम्स रीव भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले काउंटी चैंपियनशिप सीज़न में समरसेट के लिए 1086 रनों के बीच पांच शतक लगाए थे, जिससे उन्हें पीसीए यंग प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला था। कीटन जेनिंग्स, जिनके नाम भारत में टेस्ट शतक है, सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीज़ और तेज गेंदबाज मैट पॉट्स भी इंग्लैंड लायंस टूरिंग पार्टी में शामिल हैं। इंग्लैंड लायंस टीम पूरे दौरे के लिए अहमदाबाद में रहेगी और उसे नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन चार दिवसीय मैचों में भारत ए से खेलना है। दौरे की शुरुआत भारत ए के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच से होगी।

÷भारत में किसी भी स्तर पर श्रृंखला



खेलना उत्साहित होने की चुनौती है, यह किसी भी क्रिकेटर के लिए सबसे सच्ची परीक्षाओं में से एक है। यह बहुत अच्छा है कि हमारी लायंस टीम उस चुनौती का अनुभव कर सकती है और उन परिस्थितियों में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर पा सकती है।

टीम में खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह है जो हाल ही में प्रशिक्षण शिविर के लिए अबू धाबी में थे, उनमें से कुछ खिलाड़ियों को पहले ही टेस्ट टीम में चुन लिया गया है। कुछ और अनुभवी खिलाड़ियों की भी वापसी हुई है जो इंग्लैंड की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के अनुरूप है, ÷इंग्लैंड पुरुष प्रदर्शन निदेशक मो बोबट ने कहा।इंग्लैंड लायंस टीमः जोश बोहनोन (कप्तान), केसी एल्ड्रिज, ब्रायडन कारसे, जैक कार्सन, जेम्स कोल्स, मैट फिशर, कीटन जेनिंग्स, टॉम लॉज़, एलेक्स लीज़, डैन मूसली, कैलम पार्किंसन, मैट पॉट्स, ओली प्राइस, जेम्स रीव और ओली रॉबिंसन

**अनुसूचीः-**

12-13 जनवरीः इंग्लैंड लायंस बनाम भारत ए, नरेंद्र मोदी स्टेडियम - ग्राउंड बी, अहमदाबाद।

17-20 जनवरीः इंग्लैंड लायंस बनाम भारत ए, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

24-27 जनवरीः इंग्लैंड लायंस बनाम भारत ए, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

1-4 फरवरीः इंग्लैंड लायंस बनाम भारत ए, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

## प्रीति जिंटा ने बताया अपना असली नाम

### बॉबी देओल के चलते फैली अफवाह पर तोड़ी चुप्पी

कल हो ना हो, लक्ष्य और वीर जारा जैसी फिल्मों में अपनी अदायगी का जलवा बिखेर चुकीं प्रीति जिंटा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने असली नाम का राज खोल दिया है।

कुछ समय से खबरें चल रही थीं कि प्रीति जिंटा का असली नाम कुछ और है। लोगों का कहना था कि प्रीति का रियल नेम प्रीतम सिंह जिंटा है और उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम प्रीतम से प्रीति कर लिया था। चल रहीं अफवाहों पर अब अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है और फैंस को सच से रूबरू कराया है।



प्रीति जिंटा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया और अफवाहों को खारिज करते हुए अपना असली नाम बताया है। प्रीति ने कहा, इंटरनेट, गूगल और विकिपीडिया, हर ओर लिखा हुआ है कि मेरा नाम प्रीति जिंटा रखा हुआ है, उससे पहले मेरा नाम प्रीतम सिंह जिंटा था। मैं यहां यह कहने आई हूं कि मेरा नाम कभी भी प्रीति सिंह जिंटा नहीं था। मैं जब पैदा हुई तो मेरा नाम प्रीति जिंटा था और अभी भी प्रीति जिंटा है। शादी के बाद प्रीति जी जिंटा हो गया है।प्रीति ने आगे कहा, मेरे हसबैंड का सरनेम गुडइनफ है, लेकिन मैंने पूरा नाम नहीं लिया, सिर्फ त्न लिया। तो अब मेरा नाम प्रीति जी जिंटा है। मैं क्लियर करना चाहती थी कि प्रीतम सिंह जिंटा मेरा कभी भी नाम नहीं था। लोग हमेशा मुझसे पूछते हैं कि मैंने अपना नाम बदला? जी नहीं, मैंने नाम नहीं बदला। मेरा हमेशा से नाम प्रीति जिंटा है, था और रहेगा। प्रीति जी जिंटा हो गया है अब।

### प्रीतम नाम से प्रीति को चिढ़ाते थे बॉबी देओल

प्रीति जिंटा ने वीडियो शेयर करते हुए बताया है कि बॉबी देओल उन्हें सोल्जर के सेट पर प्रीतम कहा करते थे। प्रीति ने लिखा, आज मैंने मीडिया में एक आर्टिकल पढ़ा कि मेरा असली नाम प्रीतम सिंह जिंटा है तो मुझसे रहा नहीं गया। मैं आपसे कहना चाहती हूं कि यह फेक न्यूज है। सच तो यह है कि हमारी फिल्म सोल्जर के सेट पर बॉबी देओल मुझे मजाक में प्रीतम सिंह बुलाते थे।बकौल प्रीति, फिल्म हिट हो गई और हमारी दोस्ती गहरी हो गई और यह नाम मेरे साथ ऐसा चिपका कि अभी तक मेरा पीछे नहीं छोड़ रहा। तब से आज तक मैं बोल-बोलकर थक गई हूं कि मेरा असली नाम प्रीति जिंटा है और मैंने फिल्म इंडस्ट्री में आने के बाद अपना नाम नहीं बदला। मैं उम्मीद करती हूं कि मीडिया वाले इस सफाई के बाद अपनी गलती ठीक कर लें।

## राणा दग्गुबाती की राक्षस राजा से क्यों नाराज हो रहे हैं दर्शन

राणा दग्गुबाती और निर्देशक तेजा गैंगस्टर फिल्म राक्षस राजा के लिए फिर साथ आ गये हैं और फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। राणा दग्गुबाती और निर्देशक तेजा अपने प्रसिद्ध नेने राजू नेने मंत्री सहयोग के बाद एक फिल्म के साथ वापस आ गए हैं। फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ ही राणा के जन्मदिन पर फैंस को खुशखबरी मिल गई है। राणा दग्गुबाती और निर्देशक तेजा के प्रशंसक खुश हैं क्योंकि अभिनेता ने अपने जन्मदिन (14 दिसंबर) पर अपने नवीनतम सहयोग की घोषणा की। राक्षस राजा शीर्षक से, आगामी परियोजना उनके पिछले उद्यम नेने राजू नेने मंत्री की सफलता के बाद एक मनोरंजक गैंगस्टर फिल्म होने का वादा करती है।एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, राणा ने राक्षस राजा का फर्स्ट-लुक पोस्टर साझा किया, जिसमें एक रेट्रो-स्टाइल वाली छवि दिखाई गई, जिसने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अभिनेता को एक विशाल बंदूक लहराते हुए देखा जाता है, जिसके एक कंधे पर बंदूक लगी हुई हैं, उनके मुंह में एक सिगार है, और उनके माथे पर विशिष्ट विभूति और तिलक है। विशेष रूप से, स्पॉटलाइट उनकी उंगलियों पर सजी दो सोने की अंगूठियों पर पड़ती है, जिससे उत्साही लोग कहानी



में उनकी भूमिका के बारे में अटकलें लगाने लगते हैं। पोस्टर डिजाइन के लिए प्रारंभिक प्रतिक्रिया मिश्रित रही है। कुछ प्रशंसकों ने इसकी विशिष्टता की प्रशंसा की, जबकि अन्य ने निराशा व्यक्त की। डिज़ाइन के मोर्चे पर सुधार के साथ, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर रचनात्मक आलोचना की बाढ़ आ गई। राणा का इंस्टाग्राम पोस्ट भी प्रशंसकों की जन्मदिन की शुभकामनाओं से भर गया।राक्षस राजा के लिए उत्साह बढ़ने के कारण, निर्माताओं ने अभी तक कलाकारों और चालक दल का खुलासा नहीं किया है, जिससे प्रशंसक आगे की घोषणाओं के लिए उत्सुक हैं। फिल्म की शैली एक दृश्य तमाशा का वादा करती है, रचनाकारों का दावा है कि यह तेलुगु सिनेमा में नए मानक स्थापित करेगी।




## प्रभास की फिल्म में यश के कैमियो की अफवाहों पर सलार के निर्माता ने तोड़ी चुप्पी

प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन की सालार पार्ट वन - सीजफायर 22 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में, यह अफवाह थी कि केजीएफ अभिनेता यश सलार में एक कैमियो निभाएंगे। एक विशेष बातचीत में, निर्माता विजय किरागांदुर ने अफवाहों के बारे में स्थिति स्पष्ट कर दी है। श्रुति हासन अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है और होम्बले प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है।

सलार में यश के कैमियो के बारे में पूछे जाने पर, विजय ने बताया, मुझे लगता है कि [निर्देशक] प्रशांत ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि [केजीएफ और सालार के बीच] कोई संबंध नहीं है। फिल्म में कोई कैमियो नहीं है। तो यह सच नहीं है। फिल्म में शामिल एक्शन दृश्यों के कारण सेंसर बोर्ड ने सलार को ए सर्टिफिकेट दिया है। इसे एक एक्शन बोनस माना जा रहा है क्योंकि यूएई और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अग्रिम बुकिंग में भारी वृद्धि देखी जा रही है।

# छत्तीसगढ़ कैबिनेट ने लिया बड़ा फैसला

## पहली ही मीटिंग में पूरा किया पीएम का वादा

» विष्णुदेव साय ने की पहली कैबिनेट बैठक
» सीएम ने लिए बड़े फैसले,कहा- हर वादा पूरा होगा
» पहली बैठक में 18 लाख लोगों को आवास
» कहा-मोदी की हर गांरटी होगी पूरी



**रायपुर,14 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक ने मंत्रि परिषद ने 18 लाख पीएम आवास योजना के लिए मंजूरी दी है। फैसले के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री साय ने बताया कि हमने बैठक में केवल एक ही मुद्दे पर चर्चा की है। 18 लाख लोगों को जल्द से जल्द घर देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए हमने इस मुद्दे पर पूरा कैंपेन किया था। उन्होंने कहा कि मोदी की हर गारंटी पूरी होगी।

किसानों को बोनस देने के सवाल पर सीएम ने कहा- 25 दिसंबर को किसानों को बोनस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को हमारे नेता और राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। इस दिन हम किसानों के खाते में 2 साल का बोनस देंगे।

### 18 लाख लोगों के फॉर्म को मंजूरी

सीएम ने जानकारी देते हुए कहा कि मोदी की गारंटी में जो वादे छत्तीसगढ़ की जनता से किए गए हैं वह सभी पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 18 लाख लोग पीएम आवास योजना के लिए प्रतिक्षारत से इनके फॉर्म को मंजूरी दे दी गई है। पहली कैबिनेट में राज्य के दोनों डेप्यूटी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी मौजूद थे।

### कांग्रेस पर भी साधा निशाना

मीडिया को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। सीएम ने कहा कि आदिवासी और दलितों का जितना विकास बीजेपी की सरकार में हुआ है उतना किसी की भी सरकार में नहीं हुआ है। सीएम ने कहा कि आने वाले दिनों में सभी निर्णय जल्द लिए जाएंगे। हालांकि शराबबंदी के मुद्दे पर सीएम ने कोई जवाब नहीं दिया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को पहली कैबिनेट बैठक की। कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में 18 लाख लोगों को आवास देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सीएम ने कहा कि मोदी की हर गारंटी को पूरा किया जाएगा।

# कांग्रेस पार्षद के बार पर छापा




### बार में चल रहा था शराब पिलाने का पूरा खेल

**रायपुर,14 दिसम्बर 2023(ए)।** कांग्रेस पार्षद का बार सील किया गया है। पार्षद पर आरोप है कि वो अपने बार में अवैध तरीके से लोगों को शराब परोस रहे थे और ये खेल पिछले 3 वर्षों से चल रहा था। पूरा मामला कवर्धा का है और पार्षद का नाम पार्षद अशोक सिंह है।

जानकारी के मुताबिक कवर्धा शहर के मिनीमाता चौक पर नेशनल हाइवे 30 पर जगदम्बा होटल में संचालित व्यावसायिक क्लब को आबकारी विभाग ने सील कर दिया है। उक्त होटल मां दंतेश्वरी वार्ड-16 के कांग्रेस समर्थित पार्षद अशोक सिंह का है। आरोप है कि कांग्रेसी पार्षद अशोक सिंह ने अपनी पत्नी रूबी सिंह के नाम पर व्यावसायिक क्लब के लिए एफएल-4(क) का लाइसेंस लेकर होटल पर बार का बोर्ड लगा दिया था । प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर यहां पिछले 3 साल से क्लब सदस्यों के अलावा बाहरी लोगों को शराब परोसी जा रही थी। यहां पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की अवैध शराब खपाने की शिकायत भी मिल चुकी है। कवर्धा के नंदी विहार कॉलोनी के पास नेशनल हाइवे किनारे देशी व अंग्रेजी शराब दुकान मौजूद हैं। जिस जमीन पर ये शराब दुकान खोली गई है, वह कांग्रेस पार्षद अशोक सिंह का है।



# व्यापारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

### अन्य राज्यों में रेड से जुड़े हैं तार

**रायपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** आयकर विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई में छापा मारा है। इंदौर और नागपुर के करीब 200 अधिकारियों की टीम छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगहों में छपेमारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग भिलाई के कोल्ड स्टोरेज और अनाज व्यवसायियों के ठिकानों पर टीम की छापेमारी जारी है। राधामोहन टावर के सभी अनाज व्यापारी, इसके अलावा लाल गंगा मिडॉज में व्यवसायियों के यहां आयकर की टीम पहुंची हुई है. जांच जारी है।

### इन जगहों पर पड़ी रेड

राजधानी में समता शॉपिंग आर्केड, तेलघानी नाका चौक, सिलतरा, कुशालपुर में टीमों की जांच जारी है। समता शॉपिंग आर्केड स्थित केके एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, तेलघानी चौक स्थित दाल कारोबारी सूरज पल्सेस, सिलतरा स्थित राजेश्वरी कोल्ड स्टोरेज के ठिकानों पर रेड जारी है.

### अन्य राज्यों से जुड़े तार

मौके पर एमपी पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं. जानकारी के मुताबिक अन्य राज्यों में रेड कार्रवाई से जुड़े तार के संबंध में यहां दबिश दी गई है।

# रानू साहू की जमानत पर टली

### सुनवाई अब 8 जनवरी को

**रायपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका को लेकर बड़ा अपडेट आया है। मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन आज सुनवाई अधूरी ही रह गई। रानू साहू की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी।



गौरतलब हे कि पिछले साल अक्टूबर में ईडी ने छत्तीसगढ़ में कई अफसरों और कारोबारियों के घर-दफ़्तर पर छापामारी की थी और आरोप लगाया था कि राज्य में एक संगठित गिरोह कोयला परिवहन में 25 रुपए प्रति टन की वसूली कर रहा है। ईडी के दस्तावेज़ों की मानें तो 15 जुलाई 2020 को इसके लिए सरकारी अधिकारियों ने एक सोची-समझी नीति के तहत आदेश जारी किया और उसके बाद ही अवैध वसूली का सिलसिला शुरू हुआ। ईडी के अनुसार, इस घोटाले में कई कारोबारी, कांग्रेस पार्टी के नेता और अफ़सर शामिल थे और उन्होंने अब तक इस तरीक़े से 540 करोड़ रुपए से अधिक की रक़म अवैध तरीक़े से वसूली की। अदालत में प्रस्तुत दस्तावेज़ों में ईडी ने दावा किया है कि उसने इस संबंध में बड़ी संख्या में डायरी, फ़ोन चैट, लेन-देन के सबूत, करोड़ों रुपए नक़द, सोना, अरबों रुपए की संपत्ति के ब्यौरे और दूसरे दस्तावेज़ जब्त किए।

# कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किए गए दो पूर्व विधायक

## डॉ विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह पर कांग्रेस की बड़ी कार्रवाई

**रायपुर,14 दिसम्बर 2023(ए)।** कांग्रेस पार्टी ने डॉ विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया है। दोनों पूर्व विधायकों को पार्टी से 6 साल के लिए बाहर कर दिया है।

पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह को कांग्रेस की ओर से पहले ही कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने जवाब देने की जगह में खुद ही टीएस सिंहदेव पर कांग्रेस पार्टी को हराने का ठीकरा फोड़ दिया था। बृहस्पत सिंह ने कुमारी सैलजा पर भी हीरोइन की तरह फोटो खिंचाने और टीएस सिंहदेव को हीरो की तरह प्रमोट कराने का आरोप लगाया था। वहीं विनय जायसवाल ने प्रदेश प्रभारी सचिव चंदन यादव पर दो किस्तों में 7 लाख रुपए टिकट दिलाने के नाम पर लेने का आरोप लगाया था। टीएस सिंहदेव पर यह भी आरोप था कि वे सरगुजा में अपने ही चहेतों को टिकट दिलाने का काम किया था। और अप्रत्यक्षरूप से भाजपा को लाभ पहुंचाने को भी आरोप इन विधायकों ने लगाया था।



ताजा जानकारी के अनुसार कांग्रेस के दोनों निष्कासित पूर्व विधायक भूपेश बघेल से मिलने जा रहे हैं। उनके साथ में 10 और पूर्व विधायक भी हैं। जो भूपेश बघेल से शिकायत करने जा रहे हैं। उनका कहना है कि सच बोलने पर पार्टी से निष्कासन हो रहा है।

इसके पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से को लेकर एक बड़ी खबर आई थी, जिसके अनुसार कांग्रेस के 15 पूर्व विधायकों ने एक गोपनीय बैठक की है। इस का आयोजन पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल के निवास में किया गया है। कांग्रेस के पूर्व विधायकों ने कहा कि वे कांग्रेस की सर्वे एजेंसी के खिलाफ एफआई आर दर्ज कराएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए कंपनियों ने सर्वे किया था। इसी सर्वे के आधार पर हमारी टिकट कटी थी।

कहा जा रहा है कि बैठक के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के लिए ये विधायक समय की मांग करेंगे। इस बैठक में डॉ. विनय जायसवाल के अलावा पूर्व ख्रू बृहस्पत सिंह, शिशुपाल सोरी, चंद्रदेव राय, लक्ष्मी ध्रुव, भुनेश्वर बघेल, मोतीलाल देवांगन, गुरुदयाल बंजारे, प्रमोद शर्मा के साथ अन्य पूर्व विधायक मौजूद हैं। ये सभी वे विधायक हैं जिनका इस चुनाव में कांग्रेस ने टिकट काट दिया था। बता दें कि विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह पहले भी कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, टीएस सिंहदेव और प्रभारी सचिव चंदन यादव पर बड़े आरोप लगा चुके हैं। जिसमें विनय जायसवाल ने प्रभारी सचिव पर टिकट के लिए 7 लाख लेने का भी आरोप लगाया था। वहीं बृहस्पत सिंह ने कांग्रेस की हार के लिए कुमारी सैलजा और टीएस सिंहदेव को जिम्मेदार बताया था।बता दें कि इन विधायकों की संगठन से नाराजगी पहले भी सामने आ चुकी है। इस बैठक के बाद ये विधायक एक राय होकर कांग्रेस नेतृत्व के सामने अपनी बातें रखने की बात कह रहें हैं। उनका कहना है कि राज्य में जिस प्रकार से कांग्रेस की हार हुई है वे अप्रत्याशित है ऐसे में जो इसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

बैठक के बाद कांग्रेस के पूर्व विधायकों ने कहा कि वे कांग्रेस की सर्वे एजेंसी के खिलाफ स्न्ढ्क्र कराएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए कंपनियों ने सर्वे किया था। इसी सर्वे के आधार पर हमारी टिकट कटी थी, सर्वे एजेंसी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। कांग्रेस के पूर्व विधायक एफआईआर कराएंगे। अभी समय और तिथि तय नहीं हुआ है। सर्वे एजेंसी की शिकायत कांग्रेस आलाकमान से भी करेंगे।

# कवासी लखमा ने पद से दिया इस्तीफा

**रायपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने आज छत्तीसगढ़ बेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। छत्तीसगढ़ बेवरेज कार्पोरेशन राज्य में शराब वितरण से जुड़ा पूरा काम संभालती है।



बता दें कि राज्य में 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव परिणाम की घोषणा हुई थी। इसमें भाजपा को बहुमत प्राप्त हुआ। इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उसी दिन शाम को अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया था। छत्तीसगढ़ के महा धिवक्ता रहे सतीश चंद्र वर्मा सहित कुछ अन्य लोगों ने भी 4 दिसंबर को पद छोड़ दिया था, लेकिन कवासी लखमा के इस्तीफा देने में विलंब चर्चा का विषय बना हुआ है। अफसरों के अनुसार लखमा यदि 3 या 4 दिसंबर को कार्पोरेशन का अध्यक्ष पद छोड़ देते तो तो आबकारी सचिव पदेन चेयरमैन बन जाते।

# कांग्रेस के पूर्व विधायकों की आपात बैठक में बनी रणनीति

» मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करने का है इरादा

**रायपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** विधानसभा चुनाव में पार्टी टिकट से वंचित कांग्रेस के पूर्व विधायकों के मिलकर संयुक्त रणनीति बनाने की खबर है। बताया जा रहा है कि इन पूर्व विधायकों की विनय जयसवाल के बैठक हुई है, जिसके बाद कांग्रेस पार्टी में हलचल बढ़ गई है।

बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट से वंचित किए गए पूर्व विधायक एक राय होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करने दिल्ली जाएंगे। मुलाकात के दौरान विधानसभा चुनाव में हुई हार पर रिपोर्ट सौपेंगे। इस संबंध में हुई बैठक में विनय जायसवाल के अलावा बृहस्पत सिंह, शिशुपाल सोरी, पद्मा मनहर, मोतीलाल देवांगन, चंद्रदेव राय, ममता चंद्राकर, अनिता शर्मा, चुन्नीलाल साहू, भुवनेश्वर बघेल, लक्ष्मी ध्रुव, प्रमोद शर्मा और गुरुदयाल बंजारे के मौजूद रहने की खबर है।

### इन विधायकों का कटा था टिकट

प्रतापपुर-डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, बिलाईगढ़-चंद्रदेव राय, मनेंद्रगढ़-विनय जायसवाल, रामानुजगंज-बृहस्पत सिंह, सामरी-चिंता मणि महराज, लैलूंगा-चक्रधर सिंह सिदार, पाली तानाखार- मोहित राम केरकेट्टा, जगदलपुर- रेख चंद्र जैन, धरसींवा-अनिता योगेंद्र शर्मा, रायपुर ग्रामीण- सत्य नारायण शर्मा, कसडोल- शकुंतला साहू, महासमुंद- विनोद चंद्राकर, सरायपाली-किस्मत लाल नंद, सिहावा-लक्ष्मी ध्रुव,नवागढ़-गुरु दयाल बंजारे,पंडरिया- ममता चंद्राकर,खुज्जी- चन्नी साहू, डोंगरगढ़-भुवनेश्वर बघेल, अंतागढ़-अनूप नाग, चित्रकोट-राजमन बेंजाम, दंतेवाड़ा- देवती कर्मा, कांकेर शिशुपाल सोरी।



### कांग्रेस के सर्वे एजेंसी पर पुलिस करेगी कार्रवाई

कांग्रेस के 15 पूर्व विधायकों ने आज पार्टी से अलग बैठक की और हार की वजहों पर चर्चा की। ये सभी वही पूर्व विधायक है जो लगातार पार्टी के बड़े नेताओं के खिलाफ हमलावर है और हार का ठीकरा उनपर फोड़ रहे है। इस बैठक में डॉ. विनय जायसवाल के अलावा पूर्व एमएलए बृहस्पत सिंह, शिशुपाल सोरी, चंद्रदेव राय, लक्ष्मी ध्रुव, भुनेश्वर बघेल, मोतीलाल देवांगन, गुरुदयाल बंजारे, प्रमोद शर्मा के साथ अन्य पूर्व विधायक शामिल थे। ये सभी वे विधायक हैं जिनका इस चुनाव में कांग्रेस ने टिकट काट दिया था।वही इस बैठक के बाद कांग्रेस के इन पूर्व विधायकों ने बड़ा फैसला किया है। उन्होंने बताया है कि वह कांग्रेस की उस सर्वे एजेंसी के खिलाफ एफआईआर कराएँगे जिनके सर्वे के आधार पर उनकी टिकट काटी गई थी। हालाँकि इसके लिए वक़्त तय नहीं किया गया है। एफआईआर वही विधायक कराएँगे जिनके टिकटें काट दी गई थी।

# महंत रामसुंदर दास को मनाने पहुंचे कांग्रेस नेता

**रायपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** कांग्रेस नेता महंत रामसुंदर दास ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रायपुर दक्षिण से भाजपा के बृजमोहन के हाथों मिली करारी हार से दुखी होकर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दिया है। उन्होंने बस्तर सांसद और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नाम लिखे पत्र में इस बात का उल्लेख किया है। चुनाव में हार की जिम्मेदारी स्वयं लेते



हुए दूधाधारी मठ के महंत राम सुंदर दास के इस्तीफे की खबर मिलते ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने राजधानी रायपुर में उनसे मुलाकात की और कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा न देने का आग्रह किया।वोरा ने कहा कि इस्तीफे की खबर से वे हतप्रभ हैं। उन्होंने महंत राम सुंदर दास से कहा कि इस्तीफा न दें और कांग्रेस पार्टी में ही रहें। वोरा ने महंत रामसुंदर दास से निवेदन करते हुए कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी के बड़े चेहरों में से एक हैं। इस समय कांग्रेस पार्टीको मजबूत बनाने सभी को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। वोरा ने महंत रामसुंदर दास से पार्टी हित में इस्तीफा न देने का आग्रह किया है।




# शहीद कमलेश साहू के घर पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा,बढ़ाया ढांढस

**नारायणपुर,14 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विष्णुदेव साय ने नारायणपुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के हसौद निवासी शहीद जवान कमलेश साहू को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं। सीएम साय ने शहीद जवान के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा छत्तीसगढ़ उनके परिजनों के साथ है। कमलेश साहू ने आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की है।



गुरुवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सक्ती जिले के हसौद पहुंचकर शहीद कमलेश साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने शहीद के पिता मुंगेश्वर साहू को गले लगाकर उन्हें ढांढस बंधाया। शर्मा ने शहीद कमलेश की माता तारा देवी साहू, पत्नी वृंदाबाई साहू, शहीद की बड़ी बहन कमलेश्वरी साहू और छोटे भाई यशवंत साहू समेत अन्य परिजनों से भी मुलाकात की और सांत्वना दी।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शहीद कमलेश साहू ने देश की सेवा करते हुए वीरगति प्राप्त की है, उनकी शहादत को नमन है। विधायक केदार कश्यप, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी हसौद पहुंचकर शहीद कमलेश को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सक्ती की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक एम. आर आहिरे सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)